हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

वीआईपी रोड पर इतना पानी कि सड़क पर कार तैरती नजर आई

कुशालपुर-प्रोफेसर कॉलोनी की ड्रोन से ली गई तस्वीर, सड़कें ऐसी दिख रही थीं जैसे कोइर गंदा नाला बह रहा हो

- राज्य 50 स्टेशनों में 200 से 60 मिमी., लालपुर में 134 मिमी वर्षा दर्ज
- आधीरात से शुरू हुई जोरों की बरसात सुबह तक अनवरत जारी रही

आफत की बारिश...रायपुर में दस साल का रिकार्ड टूटा, कुसमी में 20 सेमी पानी बरसा

जुलाई के अंतिम सप्ताह में हुई जोरों की बारिश ने प्रदेश के मध्य हिस्से को सराबोर कर दिया है। पिछले चौबीस घंटे में राजधानी के लालपुर स्थित मौसम वेधशाला में दर्ज 134 मिमी. बारिश हुई। बीते दस साल में सबसे ज्यादा है। बलरामपुर के कुसमी में सर्वाधिक 200 मिमी. वर्षा दर्ज की गई है। राज्य के 50 स्टेशनों में 200 से 60 मिमी. तक बारिश रिकार्ड की गई है। शुक्रवार को आधी रात शुरू हुई बारिश शनिवार सुबह तक अनवरत रूप से जारी रही, जिस्से नदी-नाले उफान पर आ गए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पिछले दो तीन दिनों से प्रदेश में बरसात का दौर जारी है और अवदाब के उत्तर छत्तीसगढ़ और झारखंड के बीच पहुंचने के बाद इसका व्यापक असर प्रदेश के लगभग सभी संभागों पर हुआ। शुक्रवार को दोपहर बाद थमी बारिश रात होने के बाद पुनः शुरू हुई और इसका व्यापक असर सुबह तक बना रहा है। सुबह सात बजे जब बारिश थमी, तब तक प्रदेश का बड़ा हिस्सा जलमग्न हो गया था। प्रदेश में सर्वाधिक बारिश बलरामपुर जिले के कुसमी में 200 मिमी. दर्ज की गई, जो सीमांत बारिश की श्रेणी में शामिल हो गई। रायपुर में भी मूसलाधार बारिश ने असर दिखाया और यहां लालपुर का सर्वाधिक आंकड़ा 134 मिमी. तक पहुंचा। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार पिछले दस साल में इतनी बारिश यहां ⏭ शेष पेज 6 पर

पानी में फंसी कारों की निकल गईं नंबर प्लेट

कहां-कहां भारी बारिश

रायपुर- आरंग 81, लामांडी 135, माना 103.9, मंदिर हसौद 84, लालपुर 134.4, रायपुर शहर 119 मिमी., सूरजपुर जिले रामानुजनगर 73, प्रतापपुर 129.2, ओडगी 108, मैयाथान 70.3, रायगढ़ जिले में शहर में 68.0, मुकदा में 115.4 मिमी., सुकमा जिले तोंगपाल 94.2, राजनांदगांव जिले के शहर में 66, डोंगरगढ़ में 132, महासमुंद जिले शहर में 69.5, पिथौरा में 94.4 मिमी., कोरिया जिले पौंडी में 92.2, कांकेर में 68.6, जशपुर जिले के कुनकुरी में 86.6, गरियाबंद जिले के राजिम 70.8, मारवाही जिले में 70.8, दुर्ग-भिलाई में 84.2, अहिवारा में 95.2 मिमी., धमतरी के बेलरगांव में 75.5, दंतेवाड़ा के बड़े बचेली 89.5, बिलासपुर जिले के रतनपुर में 68, बिल्हा में 72.2 तथा बलरामपुर जिले के कुसमी में 200, शंकरगढ़ में 75, सामरी में 140, दौरा कोचली में 98, चांदो में 93, बलरामपुर में 124, मिमी. बलौदाबाजार में 86 मिमी. बारिश दर्ज की गई है।

कार के लिए बुलानी पड़ी क्रेन

- चांदनी-बिहारपुर के आधा दर्जन गांव बने टापू
- कुसमी-जशपुर मार्ग हुआ अवरूद्ध

सरगुजा जिले में पोरथ का स्वयंभू शिव मंदिर भी डूबा

शिवनाथ ऊफान पर एनीकट से बह रहा 6 फीट ऊपर पानी

नदी पर सुरक्षा के इंतजाम नहीं

मानसूनी सीजन में शिवनाथ नदी दूसरी बार ऊफान पर आया है। शुक्रवार की रात हुई बारिश से शिवनाथ नदी स्थित महमरा एनीकट के ऊपर 6 फीट पानी बह रहा है। इससे महमरा जाने का मार्ग बंद हो गया है। लोगों को घूमकर आना-जाना ⏭ शेष पेज 6 पर

शिवनाथ नदी का महमरा एनीकट में बाढ़ देखने के लिए शहरवासी बड़ी संख्या में उमड़ रहे हैं। लेकिन यहां सुरक्षा के इंतजाम नहीं है। लोग बाढ़ देखने के लिए एनीकट के समीप जा रहे हैं। हालांकि दिन में एक ⏭ शेष पेज 6 पर

लगातार बारिश से नदी-नाले उफान पर, महानदी में बाढ़ हजारों एकड़ फसल जलमग्न

अम्बिकापुर क्षेत्र की सड़कों का ऐसा हाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/रायगढ़

पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बारिश से सभी नदी-नाले उफान पर हैं। विकासखण्ड कुसमी अंतर्गत गलफुल्ला नदी का पानी पुल के 10 फीट ऊपर तक बहने के कारण कुसमी-जशपुर मार्ग से आवागमन बंद हो गया है। विकासखण्ड ओड़गी में बरंगा नदी का पानी मोहरसोप पुल के ऊपर से बहने के कारण बिहारपुर-ओड़गी मार्ग बंद हो गया है। इसी तरह महानदी में बाढ़ की स्थिति बन गई है। सरिया तहसील के तोरा, ठेंगागुड़ी, पोरथ, बोरिदा, लिप्ती सहित कई तटवर्ती गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया है। हजारों एकड़ धान, मक्का, सब्जी और नगदी फसलें जलमग्न हो गई हैं। पोरथ का प्रसिद्ध स्वयंभू शिव मंदिर भी डूब चुका है।

पिछले दो दिनों से हो रही लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित हो गया है वहीं पुल-पुलियों के ऊपर से नदी-नालों का पानी बहने के कारण जगह-जगह आवागमन अवरुद्ध हो गया है। बारिश के कारण कुसमी-जशपुर मार्ग में स्थित पुल से 10 फीट ऊपर तेज रफ्तार पानी बहने के कारण रात से ही मार्ग से आवागमन बंद है तथा पुल के दोनों ओर वाहनों की लम्बी कतार लग ⏭ शेष पेज 6 पर

वालकिंस गंगा
USFDA स्वीकृत अत्याधुनिक उपचार
एंटी एजिंग BOTOX व FILLERS
परामर्श सिर्फ 199/-
डॉ. सुकृति अरोरा
एम.डी. गोल्ड मेडलिस्ट
शंकर नगर, रायपुर
9238709001

खबर संक्षेप

विधायक पुत्र की हत्या दो आरोपी गिरफ्तार

साजा। सीबीआई ने गुरुवार सुबह बिरनपुर कांड में कार्रवाई करते हुए दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अफजल खान और फजल शामिल हैं। इस मामले में चार अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। अब तक कुल 14 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। साजा थाना पुलिस ने इन गिरफ्तारियों की पुष्टि की है। विदित हो कि यह मामला वर्तमान विधायक ईश्वर साहू के पुत्र भुनेश्वर साहू की हत्या ⏭ शेष पेज 6 पर

परिवार के चार सदस्यों ने कर ली खुदकुशी

सागर। मप्र के सागर जिले में शनिवार को 45 वर्षीय एक व्यक्ति और उसके दो किशोर बच्चों सहित एक परिवार के चार सदस्यों ने कथित तौर पर सल्फास की गोलियां खाकर आत्महत्या कर ली। मृतकों की पहचान मनोहर लोधी, उनकी बेटी शिवानी (18) और बेटे अंकित (16) तथा उनकी दादी फूलरानी लोधी (70) के रूप में हुई है। यह घटना सागर जिला मुख्यालय से लगभग 12 किलोमीटर दूर तेहर गांव में हुई।

डीएमएफ फंड को लेकर एक गाने के साथ वीडियो भी हुआ है वायरल

भाजपा ने थमाया भाजयुमो अध्यक्ष को नोटिस पार्टी नेताओं के खिलाफ दुष्प्रचार का आरोप

- डीएमएफ फंड को लेकर एक गाने के साथ वीडियो भी हुआ है वायरल
- रायगढ़ जिले के डीएमएफ फंड को लेकर नाराजगी जताई

भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष ने डीएमएफ पर उठाए सवाल

अपनी ही सरकार पर सवाल

कांग्रेस ने बनाया मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष रवि भगत को पार्टी के नेताओं के खिलाफ दुष्प्रचार के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उन्हें सात दिनों में स्पष्टीकरण देने कहा गया है। इस मामले में रवि भगत ने हरिभूमि से कहा, पार्टी ने नोटिस भेजा है, तो उसका जवाब भी देंगे।

भाजयुमो के अध्यक्ष रवि भगत को लेकर लगातार यह बात सामने आ रही है कि वे पार्टी के अनुशासन के खिलाफ जाकर काम कर रहे हैं। एक तरफ वे अपनी ही पार्टी के विधायक के खिलाफ बोल रहे हैं, वहीं सोशल मीडिया में एक वीडियो भी वायरल हुआ है, जिसमें वे एक गीत गाते हुए डीएमएफ फंड को लेकर गाना गा रहे हैं। इनमें उन्होंने रायगढ़ जिले के डीएमएफ फंड को लेकर नाराजगी जताई है। इस वीडियो में सीधे तौर पर श्री भगत सरकार से मांग कर रहे हैं। इसमें वे गीत के माध्यम से कह रहे हैं, डीएमएफ फंड का पैसा दिला दो सरकार, उजड़ गए हैं गांव, खेत खार। चार मिनट से ज्यादा के इस गीत में कई बातें हैं। रवि भगत के बयान को लेकर कांग्रेस ने भी इस मामले में सरकार को घेरने का काम किया ⏭ शेष पेज 6 पर

पार्टी ने थमाया नोटिस

रवि भगत के सोशल मीडिया में इस तरह का वायरल वीडियो के साथ उनकी बातों को लेकर पार्टी ने इसको अनुशासनहीनता मानते हुए नोटिस थमाया है। इस नोटिस में लिखा गया है, सोशल मीडिया में आपके द्वारा लगातार पार्टी के नेताओं के खिलाफ दुष्प्रचार किया जा रहा है। आपका यह कृत्य पार्टी की अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने आपको अनुशासनहीनता के आरोप में कारण बताओ नोटिस जारी किया है। आपको इसका सात दिनों के अंदर स्पष्टीकरण देना है कि क्यों न आपको पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित किया जाए।

MEDISURE HOSPITAL
MEDISURE HOSPITAL
"100 बिस्तरों का भव्य एवं आधुनिक मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल आपकी शुभकामनाओं एवं सहयोग का आकांक्षी है।"
भव्य शुभ आरंभ
27 जुलाई 2025, रविवार
प्रातः 11:00 बजे से
सेक्टर 11ए, कमल विहार, डुंडा चौक, पुराना धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
अति विशिष्ट अतिथि
मान. श्री रमन सिंह जी
अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ विधानसभा
विशिष्ट अतिथि
मान. श्रीमती मीनल चौबे जी, महापौर, नगर निगम रायपुर
मान. श्री राजेश मूणत जी, विधायक, रायपुर पश्चिम
मान. श्री सुनील सोनी जी, विधायक, रायपुर दक्षिण
मुख्य अतिथि
मान. श्री विष्णु देव साय जी
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन
मान. श्री पुरंदर मिश्रा जी, विधायक, रायपुर उत्तर
मान. श्री मोतीलाल साहू जी, विधायक, रायपुर ग्रामीण
मान. श्री राजीव अग्रवाल जी, अध्यक्ष, सीएसआईडीसी
उपलब्ध विभाग एवं सुविधाएं :-
• प्रसूति एवं स्त्री रोग • नवजात एवं शिशु रोग • हिमेटोलॉजी • पेन एवं पैलियेटिव केयर
• लेप्रोस्कॉपी एवं सामान्य सर्जरी • आईसीयू / एनआईसीयू / पीआईसीयू
• IUI, IVF • जनरल मेडिसिन • रेडियोलॉजी • पैथोलॉजी
• फार्मेसी • 24 घंटे एम्बुलेंस की सुविधा
• 24 X 7 ट्रामा एवं आपातकालीन सेवाएं
विनीत:-
डॉ. विकास गोयल, हिमेटोलॉजिस्ट
डॉ. राहुल गोयल, गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
डॉ. मीनल गोयल, बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ
डॉ. मूनमून अग्रवाल, स्त्री रोग एवं इनफर्टिलिटी विशेषज्ञ
निर्माण : प्राइमस कंस्ट्रक्शन द्वारा
PRIMUS Construction
मो. 098261 51413
स्वागतोत्सुक:-
श्रीमती राम दुलारी गोयल / श्री घनश्याम दास गोयल
Khanna

प्रशिक्षु हो रहे हैं प्रभावित, आजीविका का उद्देश्य अधूरा

प्राधिकरण के सीईओ ने कहा प्राइवेट में है मान्यता

कौशल विकास प्रमाण पत्रों को मान्यता नहीं, चार साल से अटका हुआ है प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा संचालित कौशल विकास प्राधिकरण प्रदेश के युवाओं को कई तरह के प्रशिक्षण देकर उन्हे प्रमाण पत्र जारी करता है, लेकिन इन प्रमाण पत्रों को किसी डिप्लोमा के समक्षक या पात्रता अर्हता के रूप में मान्यता नहीं दी गई है। यही नहीं, रोजगार के उद्देश्य से या उच्च शिक्षा तक पहुंच के लिए कोई वरीयता ⏭ शेष पेज 6 पर

खास खबर

आजीविका का उद्देश्य अधूरा

सीएजी ने अपनी रिपोर्ट में इस जवाब के बारे में लिखा है कि यह उत्तर स्वीकार्य नहीं है। क्योंकि 9 साल से अधिक समय बीत जाने के बाद(प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरु होने से लेकर अब तक) भी लोक नियोजन के उद्देश्य से कौशल विकास प्रमाणपत्र को मान्यता नहीं दिए जाने के कारण प्रशिक्षु प्रभावित हुए तथा रोजगार ⏭ शेष पेज 6 पर

मान्यता का प्रस्ताव चार साल से लंबित

इसी रिपोर्ट के मुताबिक विभिन्न पाठ्यक्रमों के पूरा होने के बाद प्रशिक्षुओं को दिए गए प्रमाण पत्र को मान्यता देने के प्रस्ताव छत्तीसगढ़ कौशल विकास प्राधिकरण द्वारा मई 2021 में राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजा गया था, लेकिन शासन से आधिकारिक मान्यता अभी ⏭ शेष पेज 6 पर

हमारे सर्टिफिकेट को प्राइवेट में मान्यता

इस मामले को लेकर छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण के सीईओ विजय के दयाराम ने कहा है कि हमारे सर्टिफिकेट को प्राइवेट में मान्यता है। हमारा काम कौशल प्रशिक्षण (स्किलिंग) के बाद रोजगार दिलाना है, हम ये काम कर रहे हैं। यह पूछे जाने पर की प्राधिकरण के प्रमाण पत्रों को सरकार द्वारा मान्यता नहीं दिए जाने की बात सीएजी ने कहा है, इस बारे में सीईओ ने कहा है कि मैंने यह रिपोर्ट नहीं देखी है। रिपोर्ट के परीक्षण के बाद कुछ कह पाएंगे।

भाजपा के सदस्यता अभियान में बीते साल प्रदेश संगठन ने प्रदेश में 60 लाख सदस्य बनाकर इतिहास रचने का काम किया है। प्रदेश संगठन ने कार्यकर्ताओं को तीन हजार सदस्य बनाने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ भोजन करने का मौका देने के साथ सम्मान भी करने का ऐलान किया था। सदस्यता अभियान समाप्त होने के सात माह अब जाकर कार्यकर्ताओं का इंतजार समाप्त हुआ है। दो अगस्त को कार्यकर्ताओं का मुख्यमंत्री निवास पर सम्मान होगा। जिला और राज्य स्तर पर दिए जाने वाले सम्मान का नाम भी तय है।

20 हजार तक सदस्य बनाने वाले कार्यकर्ताओं का भाजपा करेगी सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

विशेष खबर

सौ सदस्य बनाने वालों को शतकवीर सम्मान और 20 हजार सदस्य बनाने वालों को सदस्यता भूषण सम्मान दिया जाएगा। ढाई सौ कार्यकर्ताओं ने सदस्यता अभियान में सौ से 20 हजार तक सदस्य बनाने का काम किया है। इनमें से किनका-किनका दो अगस्त को सम्मान होगा, यह अभी फाइनल नहीं है। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने जब देशभर में बीते साल सितंबर से दिसंबर तक सदस्यता चलाया तो अभियान के लिए सांसदों के लिए जहां 20-20 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया गया, वहीं विधायकों के लिए दस-दस हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ सभी मंत्रियों और ज्यादातर विधायकों ने अपना लक्ष्य प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की। कुछ विधायक अपना लक्ष्य प्राप्त ही नहीं कर सके। इसी तरह से सांसदों में आधा दर्जन से ज्यादा सांसद अपना लक्ष्य प्राप्त नहीं सके। ये सांसद तो आधे लक्ष्य तक भी नहीं पहुंचे सके। एक सांसद तो पांच सौ सदस्य भी नहीं बना सके थे।

कार्यकर्ताओं ने किया कमाल

जहां एक तरफ कई सांसद और विधायक लक्ष्य प्राप्त करने में सफल नहीं रहे, वहीं थोक में कार्यकर्ताओं ने तीन हजार सदस्य बनाने का काम आसानी से किया। इसी के साथ कई कार्यकर्ताओं ने दस हजार और इससे ज्यादा भी सदस्य बनाने का काम किया है। अब इन सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान होगा और मुख्यमंत्री के साथ भोजन करने का मौका भी मिलेगा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ भोजन करने का भी मिलेगा मौका

किसको कौन सा सम्मान

जिला स्तर पर सौ सदस्य बनाने वाले सदस्यों को शतकवीर सम्मान, 500 सदस्य बनाने वालों को शक्ति सम्मान और हजार सदस्य बनाने वालों को दीप सम्मान दिया जाएगा। इसी तरह से राज्य स्तर पर तीन हजार से ज्यादा सदस्य बनाने वालों को सदस्यता श्री सम्मान, पांच हजार से ज्यादा सदस्य बनाने वालों को सदस्यता गौरव सम्मान, 10 हजार से ज्यादा सदस्य बनाने वालों को सदस्यता रत्न और 20 हजार सदस्य बनाने वालों को सदस्यता भूषण सम्मान दिया जाएगा।

सम्मान समारोह तय

दो अगस्त को सम्मान समारोह कराने का फैसला किया गया है। 250 कार्यकर्ताओं की सूची बनी है, इसमें से कितने का सम्मान राज्य स्तर पर होगा और कितने का जिला स्तर पर होगा, इसका फैसला जल्द होगा।

- अनुराग सिंहदेव
प्रदेश प्रभारी, सदस्यता अभियान

लीला देवी कॉलेज ऑफ नर्सिंग एण्ड फार्मेसी
बी एस सी नर्सिंग [60 Seats]
डिप्लोमा इन फार्मेसी [60 Seats]
महाविद्यालय परिसर : ग्रेटर रायपुर, मोतीपुर, जामगांव रोड, जिला -दुर्ग
9131880895, 8319870997
6, इंस्टीट्यूशनल एरिया, मुखर्जी हॉस्टल के पीछे, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, रायपुर
83700 77700, 7024125200

नर्सिंग होम या क्लिनिकल सेंटर को सील करने से पहले 30 दिन का नोटिस जरूरी- हाईकोर्ट

बिलासपुर। नर्सिंग होम व क्लिनिकल सेंटर के खिलाफ कार्रवाई को लेकर हाई कोर्ट ने जरुरी गाइड लाइन जारी किया है। सिंगल बेंच ने कहा है कि तय मापदंडो और नियमों का पालन करना जरूरी है। संबंधित अधिकारी उस अस्पताल या नर्सिंग होम को 30 दिन का नोटिस जारी करेगा जिसे बंद या सील किया जाना है। लाइसेंस निरस्त या निलंबित करने से पहले भी प्रक्रिया का पालन करना जरूरी है। नोटिस में उस कारण का भी स्पष्ट उल्लेख करना होगा। इस आदेश के साथ हाईकोर्ट ने महासमुंद जिले के सरायपाली में संचालित मातृ केयर नर्सिंग होम को दोबारा खोलने की अनुमति दे दी है। हाईकोर्ट ने अस्पताल को सील करने के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला दिया। मामले में कोर्ट ने अस्पताल खोलने की अनुमति देने के साथ ही स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को नोटिस जारी कर जवाब भी मांगा है। मामला सरायपाली के रहने वाले प्रशांत कुमार साहू की शिकायत से जुड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया था कि अस्पताल में लापरवाही से इलाज किया गया, जिससे उनकी पत्नी विकलांग हो गई। प्रशांत ने सरायपाली थाने में लिखित शिकायत दी थी कि 10 अक्टूबर 2024 को उनकी पत्नी का ऑपरेशन डॉक्टर शिबाशीष बेहरा ने किया था, लेकिन ऑपरेशन में गंभीर लापरवाही हुई, जिसके चलते उनकी पत्नी को स्थायी शारीरिक नुकसान पहुंचा।

फर्जी दिव्यांग प्रमाणपत्र से सरकारी नौकरी, हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान
20 अगस्त तक राज्य मेडिकल बोर्ड में परीक्षण कराने के आदेश

सभी विभागों के इंचार्ज अधिकारियों को भी 20 अगस्त को कोर्ट में उपस्थित रहने के निर्देश

बिलासपुर। फर्जी दिव्यांग प्रमाणपत्र के सहारे सरकारी नौकरी कर रहे लोगों के खिलाफ अब हाईकोर्ट भी सख्त हो गया है। कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए उन सभी संदिग्ध कर्मचारियों को 20 अगस्त 2025 तक राज्य मेडिकल बोर्ड से दिव्यांगता का अनिवार्य भौतिक परीक्षण कराने के निर्देश दिए हैं, जो अब तक जांच से बचते आ रहे थे। हाईकोर्ट ने स्पष्ट कहा है कि जो भी कर्मचारी जांच नहीं कराएंगे, उन्हें यह स्पष्टीकरण देना होगा कि उन्होंने मेडिकल बोर्ड के समक्ष परीक्षण क्यों नहीं कराया। कोर्ट ने चेताया है कि यदि तय समयसीमा के भीतर जांच नहीं कराई जाती, तो संबंधितों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। हरिभूमि ने इस मामले में लगातार खबर प्रकाशित की है। हाईकोर्ट ने सभी विभागों के इंचार्ज अधिकारियों को भी 20 अगस्त को कोर्ट में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वे सुनिश्चित करें कि उनके विभाग में कार्यरत सभी संदिग्ध कर्मचारी निर्धारित तिथि तक मेडिकल जांच कराएं। अगर वे ऐसा नहीं करते हैं तो संबंधित अधिकारियों की भूमिका भी जांच के दायरे में लाई जाएगी। ध्यान रहे कि दिव्यांग संघ भी पिछले तीन वर्षों से इस मुद्दे पर लगातार संघर्ष कर रहा है। संघ का आरोप है कि कई ऐसे लोग सरकारी नौकरी में चयनित हुए हैं जो असल में दिव्यांग नहीं हैं, लेकिन फर्जी प्रमाणपत्र के जरिए उन्होंने आरक्षण का लाभ उठाया।

सभी विभागों को जांच कराने पत्र जारी

ध्यान रहे कि मुंगेली जिले में फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र के आधार पर सरकारी नौकरी कर रहे कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो गई है। अतिरिक्त कलेक्टर की ओर से सभी विभाग प्रमुखों को पत्र लिखकर प्रमाण पत्रों की जांच करने और प्रतिवेदन देने कहा गया है। सभी ने श्रवण बाधित के फर्जी प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर नियुक्ति प्राप्त की थी। सबसे अधिक शिक्षा विभाग में इस तरह के लोग नौकरी कर रहे हैं। कलेक्टर ने इन कर्मचारियों की लिस्ट भी जारी की है। अतिरिक्त कलेक्टर द्वारा जारी पत्र के मुताबिक मेडिकल जांच कराने कई कर्मचारी नहीं पहुंच रहे हैं तो कुछ लोगों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। दिव्यांग संघ के मुताबिक वर्तमान में पीएससी से सलेक्ट होकर 7 डिप्टी कलेक्टर, 3 नायब तहसीलदार, 3 लेखा अधिकारी, 3 पशु चिकित्सक, 2 सहकारिता निरीक्षक सहित 21 लोग फर्जी दिव्यांग प्रमाण-पत्र लगाकर सरकारी नौकरी कर रहे हैं।

अब यह होगा

- सभी संदिग्ध कर्मचारियों को 20 अगस्त 2025 तक राज्य मेडिकल बोर्ड से जांच करानी होगी
- जांच न कराने की स्थिति में कार्रवाई तय मानी जाएगी
- सभी विभागीय प्रमुखों को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में उपस्थित रहना होगा
- फर्जी प्रमाणपत्र साबित होने पर निलंबन व सेवा समाप्ति तक की कार्रवाई संभव

लोरमी ब्लाक के 7 गांवों में सबसे अधिक फर्जीवाड़ा

मुंगेली जिले के लोरमी ब्लाक के सारधा, लोरमी, सुकली, झाफल, फुलझर, विचारपुर, बोड़तरा गांव के लोगों के बने सभी दिव्यांग प्रमाण-पत्रों पर सवाल उठ रहे हैं। बात सामने आई है कि अकेले 53 लोग कृषि विभाग में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के पद पर पदस्थ हैं। वहीं तीन लोग कृषि शिक्षक के पद पर काबिज हैं। ध्यान रहे राज्य शासन की ओर से दिव्यांगों की विशेष भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। सबसे पहले ग्रामीण कृष विस्तार अधिकारी पद के लिए भर्ती हुई। इसमें 50 ऐसे लोगों की नियुक्ति हुई है जिन्होंने श्रवण बाधित होने का फर्जी विकलांगता प्रमाण पत्र पेश किया है। इसी तरह तीन कृषि शिक्षक के पद पद काम कर रहे हैं।

33 सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को 300 दिन के अवकाश नगदीकरण का लाभ नहीं मिला

बिलासपुर। हाईकोर्ट ने सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के अवकाश नगदीकरण भुगतान में देरी करने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बिलासपुर रजनेश सिंह को अवमानना नोटिस जारी किया है। जस्टिस रविन्द्र अग्रवाल की सिंगल बेंच ने यह आदेश जारी किया है।

याचिका के मुताबिक पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त सहायक उप निरीक्षक बैजनाथ राय, निरीक्षक रघुनंदन शर्मा, सहायक उप निरीक्षक हनुमान प्रसाद मिश्रा सहित कुल 33 पुलिसकर्मियों ने मध्य प्रदेश राज्य के समान 300 दिन के अवकाश नगदीकरण का लाभ देने की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता धीरेन्द्र पांडेय व विजय मिश्रा ने पैरवी करते हुए दलील दी थी कि मध्य प्रदेश के कर्मचारियों की भांति छत्तीसगढ़ के पुलिसकर्मियों को भी 300 दिन के अवकाश नगदीकरण का लाभ मिलना चाहिए। मामले में हाई कोर्ट ने 29 जनवरी 2025 को सुनवाई करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बिलासपुर को निर्देशित किया था कि वे सुप्रीम कोर्ट के फगुआ राम प्रकरण के आदेश के अनुरूप 90 दिन के भीतर याचिकाकर्ताओं के अभ्यावेदन का निराकरण कर अवकाश नगदीकरण की राशि का भुगतान करें। कोर्ट के स्पष्ट आदेश के बावजूद एसएसपी बिलासपुर द्वारा निर्धारित अवधि में न तो अभ्यावेदन का निराकरण किया गया और न ही अवकाश नगदीकरण की राशि का भुगतान किया गया। इससे क्षुब्ध होकर याचिकाकर्ताओं ने हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की। याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस रविन्द्र अग्रवाल की बेंच ने प्रथम दृष्टया आदेश की अवहेलना मानते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बिलासपुर को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

एक पेड़ मां के नाम से दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन की शुरुआत

रायपुर। अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा दो दिवसीय राष्ट्रीय एवं प्रांतीय बैठक का शुभारंभ शनिवार को सालासर बालाजी धाम में एक पेड़ मां के नाम अभियान से किया गया। सालासर बालाजी प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय महामंत्री गोपाल गोयल, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष ईश्वर प्रसाद अग्रवाल, प्रांतीय अध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल, राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष हेमराज जिंदल, महामंत्री राजेश अग्रवाल, प्रांतीय अध्यक्ष प्रमोद जैन, चेयरमैन कर्तव्य अग्रवाल की उपस्थिति रही। युवा सम्मेलन द्वारा 111 पौधे लगाए गए। रविवार को राष्ट्रीय बैठक एवं प्रांतीय बैठक के साथ जिला इकाई का सम्मान कार्यक्रम आयोजित है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी होंगे, अति विशिष्ट अतिथि के रूप में गोपाल शरण गर्ग सहित अन्य विशिष्ट जन उपस्थित रहेंगे।

राशिफल

मेष धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

वृष वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

मिथुन शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

कर्क आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

सिंह सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

कन्या किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

तुला मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

वृश्चिक शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

धनु आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

मकर व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

कुंभ मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

मीन परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

खाद संकट के बीच दर्जनभर जिलों में निजी दुकानदारों को मांग से अधिक डीएपी-यूरिया की सप्लाई, महंगे दाम में खरीदी मजबूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

अलग खबर

एक तरफ जहां प्रदेश के अन्नदाता इस खरीफ सीजन में खाद्य संकट से जूझ रहे हैं। उन्हें सहकारी समितियों में पर्याप्त खाद नहीं मिल रहा है, वहीं दूसरी ओर प्रदेश सरकार द्वारा निजी दुकानों में कोटे से अधिक डीएपी एवं यूरिया की सप्लाई कर दी गई है। कुछ जिलो में तो मांग के मुकाबले दो से तीन गुना तक निजी दुकानदारों को खाद सप्लाई की गई है। इस मामले को लेकर कांग्रेस विधायकों ने भी सरकार को विधानसभा में घेरा है। जिस पर सरकार की तरफ से खाद मंत्री ने आगे से इस विषय पर ध्यान दिए जाने की बात कही है। खरीफ के इस सीजन में प्रदेश के अधिकांश जिलों की सोसाइटियों में डीएपी और यूरिया खाद की शासन की ओर से पर्याप्त सप्लाई नहीं होने के कारण किल्लत बनी हुई है, जबकि इसके विपरीत निजी कृषि केंद्र व दवा दुकान में डीएपी-यूरिया का पर्याप्त स्टाक पड़ा हुआ है। किसानों को वहां से अधिक दाम में खाद की खरीदी करनी पड़ रही है। जिसको लेकर सवाल उठाते हुए पूर्व सीएम भूपेश बघेल द्वारा सरकार पर खाद सहकारी समितियों को न देकर निजी क्षेत्र को देने का आरोप लगाया। उन्होंने खाद की कालाबाजारी की बात भी कही। उन्होंने कहा कि इस वर्ष वितरण का लक्ष्य 3.10 लाख टन के विरुद्ध 1.48 लाख टन ही भंडारण हो पाया है।

शब्द पहेली - 5940



बाएँ से दाएँ
1.महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित महाकाव्य-5
4.आज्ञापत्र, पतंगा-4
7.शरीर, बदन-2
8.होशियार, हुनरमंद-3
9.नस, नाड़ी-2
10.तीर रखने का पात्र-4
11.गधा, गर्दभ-2
13.जो बंदी हो-3
14.पत्नी, भार्या-2
15.दृष्टि, निगाह-3
17.खैरात, दक्षिणा-2
19.अपने ही घर में कैद होना-5
22.भाग्यवाला-5
25.जी, इच्छा-2
26.तन, काया-3
28.दुनिया, संसार-2
29.वेतन-3
30.भीगा हुआ-2
32.सागौन, एक प्रकार की मूल्यवान लकड़ी-4
34.परिणाम,हल,फ्रूट-2
36.सचेग-3
37.राजकपूर,नरगिस की फिल्म-2
38.चाणक्य के समय मगध की राजधानी-4
39.निरस्त करना-2,3

ऊपर से नीचे
1.आमिर,मनीषा कोइराला की फिल्म-2
2.रवि, सूर्य-3
3.तमाशा देखनेवाले-5
4.परीक्षण,जांच-3
5.सप्ताह का दिन-2
6.जो नापसंद हो (उर्दू-4)
7.गोविंदा व खुशबू की फिल्म-2,3
10.भाग्य,किस्मत-4
12.क्रिकेट में बनते हैं-2
16.नसीरुद्दीन शाह की एक फिल्म -3
17.खुजली-2
18.रस्सी पर अपराधी को लटकाना-2
20.आवश्यक-3
21.कैदी, बंधक-2
22.इसाई साध्वी-2
23.बालकपन-4
24.असावधान-5
25.महासमुद्र-5
26.सज्जनता, भद्रता-4
27.अभिषेक की फिल्म-2
31.मुद्दा (उर्दू-3)
33.वाचन करनेवाला-3
35.उद्देश्य-2
37.आगमन,आने का भाव-2

शब्द पहेली- 5939 का हल

उ	थ	ल	पु	थ	ल	■	मा	न	व	ता
त	न	■	ल	■	ल	क्या	ई	■	श	र
रा	■	आ	क	र्ष	क	■	न	स	■	को
धि	क्का	र	ना	■	■	अ	■	च	प	ल
का	■	क्ष	■	भा	गी	दा	र	■	र	■
र	म	ण	यो	ग्य	■	य	ज	न	दा	र
■	ठ	■	ग	फ	ल	त	■	म	■	ठ
द	ल	ना	■	ल	■	■	य	की	न	न
श	■	का	व्य	■	त	न	म	न	■	स
ह	य	■	स	ला	मी	■	रा	■	रा	ह
रा	ठ	ज	न	■	ज	ङा	ज	चा	ल	न

सूडोकु नवताल - 5950

★★★★☆ मध्यम

		8				1	5	
2					1	8		
3			4		6	7		9
5					9			
	9		2	3	4		7	
			1					8
4		7	6		5			1
		6	7					4
	5	3				2		

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 5949 का हल

3	9	7	5	2	1	4	8	6
5	4	2	9	6	8	7	1	3
8	6	1	3	7	4	9	5	2
2	8	9	1	5	3	6	4	7
4	7	3	2	8	6	5	9	1
6	1	5	4	9	7	2	3	8
9	3	4	7	1	2	8	6	5
7	5	6	8	3	9	1	2	4
1	2	8	6	4	5	3	7	9

बिलासपुर

रविवार, 27 जुलाई 2025

श्रावण शुक्ल पक्ष चर्तुथी

वर्ष : 25, अंक : 126

पृष्ठ : 10+8 = 18 मूल्य : 5.00***

मौसम

अधि. 27.0

न्यून. 24.0

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

एमबीबीएस-बीडीएस काउंसिलिंग के लिए 29 से आवेदन, राज्य एवं प्रबंधन कोटे की 1733 सीटें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

एमबीबीएस-बीडीएस की राज्य एवं प्रबंधन कोटे की सीटों पर एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 29 जुलाई से 4 अगस्त के बीच पूरी की जाएगी। पहले दौर में सीटों का आवंटन और एडमिशन 8 से 14 अगस्त के बीच पूरा होगा। राज्य के 10 शासकीय और 4 निजी चिकित्सा महाविद्यालयों में राज्य और प्रबंधन की कुल 1733 सीटें है जिस पर प्रवेश प्रक्रिया चिकित्सा शिक्षा विभाग की काउंसिलिंग कमेटी द्वारा पूरी की जाएगी। एनएमसी ने प्रवेश के लिए काउंसिलिंग प्रक्रिया की अंतिम तारीख 3 अक्टूबर तय की है। एनएमसी द्वारा जारी किए गए शेड्यूल के आधार पर चिकित्सा शिक्षा विभाग ने अपनी तैयारियों के ⏭शेष पेज 6 पर

अलग खबर

ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 4 अगस्त, पहले दौर का प्रवेश 8 से 14 अगस्त के बीच

बीडीएस की 580 सीटों के लिए काउंसिलिंग

इसी तरह बीडीएस की एकमात्र शासकीय और पांच निजी दंत चिकित्सा महाविद्यालयों की 580 सीटों पर एडमिशन का काम भी इन्हीं के माध्यम से पूरा होगा। एनएमसी द्वारा अपने शेड्यूल में यूजी का काउंसिलिंग 3 अक्टूबर तक पूरा करने का लक्ष्य रखा है। राज्य में समस्त शासकीय और निजी मेडिकल एवं डेंटल कॉलेजों की सीटें उनकी योग्यता और निर्धारित नियमों के अनुरूप राज्य स्तरीय काउंसलिंग समिति, कार्यालय आयुक्त चिकित्सा शिक्षा द्वारा आवंटित की जाएंगी। किसी एजेंट या संस्था के माध्यम से प्रवेश देने के दावे पूर्णतः अस्वीकार्य होंगे।

■ प्रवेश की अंतिम तिथि 3 अक्टूबर, राज्य के 10 शासकीय 4 निजी मेडिकल कालेज में होगा प्रवेश

22261 की सूची मिली

नीट में सफल होने वाले 22261 लोगों की सूची चिकित्सा शिक्षा विभाग को मिल गई है। इसमें टॉप टेन में दर्शित जैन को 524, सिया रॉय 617, हेमिला पटेल 615, गुंतुकु गुरुचरण 611, पार्थ आहर 609, अर्थ बंसल 608, उदय कुमार 607, आदर्श गिरी 607, खुशहाल धमेजा 606, तता रोमहर्ष चंद्राकर 605 अंक शामिल है। इनमें से कुछ छात्रों के ऑल इंडिया कोटे से एडमिशन लिए जाने की उम्मीद है। इसके बाद उनकी प्राथमिकता शासकीय स्तर पर शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर होगा।

एडमिशन के लिए न्यूनतम योग्यता तय

चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा एमबीबीएस और बीडीएस की सीटों पर एडमिशन के लिए होने वाली काउंसिलिंग के लिए विभिन्न वर्ग के हिसाब से न्यूनतम योग्यता तय की गई। इसके तहत यूआर और ईडब्लूएस के लिए 686 से 144 प्राप्तांक (50 परसेंटाइल), एससी, एसटी, ओबीसी वर्ग के लिए 143 से 113 (40 परसेंटाइल), यूआर, ईडब्लूएस-दिव्यांगों के लिए 143 से 127 (45 परसेंटाइल) तथा अन्य वर्ग के दिव्यांगों के लिए 126 से 113 प्राप्तांक (40 परसेंटाइल) को मान्य किया गया है।

inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

2300 से अधिक अमरनाथ यात्रियों का जत्था रवाना

जम्मू। दक्षिण कश्मीर हिमालय में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित पवित्र अमरनाथ गुफा मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए 2,300 से अधिक तीर्थयात्रियों का नया जत्था आधार शिविर से रवाना हुआ। तीन जुलाई से शुरू हुई 38 दिन की लंबी यात्रा के बाद से अब तक 3.60 लाख से अधिक श्रद्धालु पवित्र गुफा मंदिर के दर्शन कर चुके हैं।

सांबा के सीमावर्ती गांव से 500 ग्राम हेरोइन बरामद

सांबा/जम्मू। जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगे एक गांव से शनिवार को करीब 500 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। स्थानीय पुलिस के विशेष अभियान समूह ने तड़के चिल्यारी गांव से यह बरामदगी की। एक स्थानीय ग्रामीण ने बताया कि आधी रात के कुछ देर बाद पाकिस्तान से आए एक संदिग्ध ड्रोन ने एक पीले रंग का पैकेट गिराया।

1.23 करोड़ का गुटखा बरामद, दो गिरफ्तार

पालघर। पुलिस ने पालघर जिले में मुंबई-अहमदाबाद राजमार्ग पर दो ट्रक में से 1.23 करोड़ रुपए मूल्य के प्रतिबंधित गुटखे की खेप जब्त की। इस मामले में दो चालकों को गिरफ्तार किया। प्रतिबंधित तंबाकू उत्पादों को दो कंटेनर में छिपाकर रखा गया था और इनका परिवहन राज्य के कानूनों एवं खाद्य सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करते हुए किया जा रहा था।

एशिया कप टी20 यूएई में 9 सितंबर से

नई दिल्ली। पुरुषों का एशिया कप टी20 टूर्नामेंट 9 से 28 सितंबर तक यूएई में आयोजित किया जाएगा। इसकी पुष्टि एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने की है। 24 जुलाई को एसीसी की बैठक में आयोजन स्थल का फैसला किया गया। बैठक में सभी 25 सदस्य देशों ने भाग लिया। भारत ने ढाका में हुई एशियाई क्रिकेट परिषद की बैठक में वर्चुअली हिस्सा लिया था। बैठक को भी लेकर काफी बवाल हुआ था। एसीसी के अध्यक्ष बनने के बाद नकवी मनमानी पर उतर आए थे और भारत पर बांग्लादेश के ढाका में मीटिंग में किसी को भेजने का दबाव बना रहे थे।

प्रदेश में ऐसा पहली बार जब इतनी बंदूकें एक साथ बरामद

बलरामपुर के छह गांवों में घुसी पुलिस, 37 भरमार बंदूकें जब्त

बलरामपुर जिले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक साथ 37 भरमार हथियार बरामद किया है। यह संभवतः प्रदेश का पहला मामला है, जब पुलिस ने किसी भी मामले में एक साथ इतनी बड़ी संख्या में हथियार बरामद किया है। सबसे बड़ी बात यह है कि बरामद किए गए भरमार को ग्रामीणों ने खुद ही पुलिस को सुपुर्द किया है। ग्रामीणों द्वारा इन भरमार बंदूकों का उपयोग शिकार और जंगली जानवरों से अपने खेतों की रक्षा के लिए किया जाता था।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। बलरामपुर जिले का कुसमी सामरी पाठ क्षेत्र नक्सल दृष्टि से संवेदनशील रहा है। पूर्व में इस क्षेत्र में नक्सली गतिविधियां होती रहती लेकिन अब चुनचुना-पुंदाग सहित अन्य क्षेत्र नक्सल मुक्त हो चुके है और नक्सली छत्तीसगढ़ की सीमा छोड़कर फरार हो चुके है। इन सब के बीच हाल में में कुसमी सामरीपाठ क्षेत्र में आए दिन भरमार बंदूक बरामद होने की जानकारी सामने आ रही थी। पुलिस ने पूर्व में कुछ भरमार बंदूक बरामद किए गए थे और इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली ⏭शेष पेज 6 पर

■ छत्तीसगढ़ की अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई

■ चुनचुना पुंदाग क्षेत्र के लोगों ने छिपाकर रखे थे हथियार

कहां से कितने हथियार

1.	चुनचुना	- 14
2.	चरहू	- 8
3.	मूताही	- 8
4.	पीपरढाबा	- 3
5.	भीतर चरहू	- 2
6.	पुंदाग	- 2

चलाया गया विशेष अभियान

ग्रामीणों के पास भरमार हथियार होने की पुष्टि के बाद एसपी श्री बैंकर के निर्देश पर एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी व एसडीओपी एमानुएल लकडा के नेतृत्व में थाना प्रभारी निरीक्षक विजय प्रताप सिंह, कोरंधा थाना प्रभारी विरासत कुजूर, सउनि दशरथ कुजुर, सउनि सुरेश राम, ⏭शेष पेज 6 पर

मुठभेड़ में 4 माओवादी ढेर, हथियार बरामद

जगदलपुर/बीजापुर। बीजापुर जिले के अंदरूनी क्षेत्र में शनिवार को सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में 4 माओवादियों के शव बरामद किए गए हैं। मौके से इंसास और एसएलआर राइफल सहित बड़ी मात्रा में हथियार बरामद किए गए हैं। बीजापुर जिले के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी की जानकारी मिलने पर सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया। इस अभियान के दौरान 26 जुलाई की शाम से ही सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच रुक-रुक कर मुठभेड़ जारी है। जहां इंसास, एसएलआर राइफल सहित कई अन्य हथियार, विस्फोटक सामग्री और दैनिक उपयोग की वस्तुएं बरामद हुई हैं। बस्तर रेंज के आईजी सुंदरराज पी. ने इसकी पुष्टि की है। ⏭शेष पेज 6 पर

चैतन्य से मिले सचिन, कहा- विपक्ष को डराने भाजपा सरकार ले रही एजेंसियों का सहारा

- जेल में बंद पूर्व मंत्री कवासी लखमा से भी की मुलाकात
- हमें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है, बीजेपी पर जमकर बरसे सचिन पायलट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट शनिवार को रायपुर पहुंचे, इस दौरान उन्होंने जेल में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल से मुलाकात की। उन्होंने कहा, बीजेपी की सरकार भूपेश बघेल को टारगेट कर रही है। उन्होंने कहा, हम सब लोग बार-बार कह रहे हैं और अरसे से कह रहे हैं कि भारतीय जनता पार्टी और उनकी सरकार अपने विरोधियों को डराने ⏭शेष पेज 6 पर

भाजपा के राजनीतिक प्रतिद्वंदियों की आवाज दबाने का प्रयास

पायलट ने कहा, मैंने आज चैतन्य बघेल से मुलाकात की। हम लंबे समय से बार-बार कह रहे हैं कि भाजपा और उसकी केंद्र तथा राज्य सरकार अपने प्रतिद्वंद्वियों को लगातार डराने-धमकाने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस नेताओं और अब पूर्व मुख्यमंत्री बघेल के बेटे के खिलाफ कार्रवाई से साबित होता है कि केंद्र और राज्य की जांच एजेंसियां भाजपा के राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों की आवाज दबाने की कोशिश कर रही हैं।

पीएम मोदी दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता, 75% अप्रूवल रेटिंग के साथ टॉप पर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर अपनी वैश्विक लोकप्रियता साबित करते हुए दुनिया के सबसे पसंदीदा नेता का स्थान हासिल किया है। बिजनेस इंटेलिजेंस और डेटा एनालिटिक्स फर्म मॉर्निंग कंसल्ट के मुताबिक जुलाई 2025 में कराए गए एक अंतरराष्ट्रीय सर्वेक्षण में पीएम मोदी को 75 प्रतिशत 'अप्रूवल रेटिंग' मिली है। यह रेटिंग उन्हें 20 देशों के शीर्ष नेताओं की सूची में सबसे ऊपर रखती है।

डोनाल्ड ट्रंप को केवल 44% लोगों ने समर्थन दिया

वहीं, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को केवल 44 प्रतिशत लोगों ने समर्थन दिया जबकि 50 प्रतिशत लोगों ने असहमति जताई।

साय ने दी बधाई

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस उपलब्धि के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह भारत के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है कि हमारे प्रधानमंत्री वैश्विक मंच पर प्रभावशीलता, लोकप्रियता और नेतृत्व क्षमता के प्रतीक बने हुए हैं।

स्वास्थ्य विभाग के सप्लायर पर छापेमारी, 48 करोड़ की सप्लाई में 1 करोड़ की जीएसटी चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ मुख्यमंत्री की जीरो टोलरेंस नीति के तहत बड़ी कार्रवाई

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टोलरेंस की नीति और सरकारी खरीद में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता के तहत राज्य जीएसटी विभाग ने रायगढ़ स्थित मेसर्स श्याम सर्जिकल पर कार्यवाही की है। यह फर्म छत्तीसगढ़ सहित झारखंड और ओडिशा में भी सरकारी अस्पतालों को सर्जिकल और मेडिकल उपकरणों की आपूर्ति करती है। राज्य जीएसटी विभाग की जांच में सामने ⏭शेष पेज 6 पर

परिवार के नाम पर तीन फर्म

बताया जा रहा है कि इस लाभ को छुपाने और जीएसटी देनदारी से बचने के लिए व्यवसायी ने अपने परिवारजनों के नाम पर तीन अन्य फर्में-राहुल इंटरप्राइजेज, नारायणी हेल्थकेयर, और पी.आर. इंटरप्राइजेस बनाईं तथा आपस में ही खरीदी बिक्री दिखाकर करीब 1 करोड़ रुपए की जीएसटी चोरी की।

साय बोले- भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा है कि राज्य सरकार सरकारी निधि और जन स्वास्थ्य से जुड़ी सेवाओं में किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं करेगी। इस प्रकार की धोखाधड़ी न केवल आर्थिक अपराध है, बल्कि जनहित के साथ विश्वासघात भी है। प्रदेश सरकार ने ऐसे सभी आपूर्तिकर्ताओं ⏭शेष पेज 6 पर

कारगिल विजय दिवस के अवसर पर बड़ा ऐलान

रुद्र ब्रिगेड : अब बॉर्डर पर कांप उठेंगे दुश्मन!

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कारगिल विजय दिवस के अवसर पर 'रुद्र' नाम की नई सर्व-शस्त्र ब्रिगेड की घोषणा की है। आर्मी चीफ ने यह कदम भारतीय सेना के आधुनिकीकरण को लेकर उठाया है। बॉर्डर पर पाकिस्तान और चीन की साजिश के खिलाफ यह बहुत बड़ा फैसला माना जा रहा है। आर्मी चीफ ने कहा कि आज की भारतीय सेना न केवल वर्तमान चुनौतियों का सफलतापूर्वक ⏭शेष पेज 6 पर

क्या है रुद्र ब्रिगेड : 'रुद्र ब्रिगेड' भारतीय सेना की नई इकाई है, जिसमें विभिन्न प्रकार की लड़ाकू इकाइयों को एक साथ मिलाया गया है। ये ब्रिगेड सीमाओं पर तैनात होंगे। इस ब्रिगेड के पास खतरनाक हथियार होंगे जिसे देखते ही सीमा पर के दुश्मन कांप उठेंगे। यह ब्रिगेड पाकिस्तान और चीन की साजिश को झटके में नाकाम करने की ताकत रखती है।

रुद्र ब्रिगेड में इन फाइटर यूनिट को मिलाया गया

सशस्त्र इकाई: इस यूनिट में सेना के जवान टैंक और भारी हथियारों से लैस होंगे।

पैदल सेना: पैदल सैनिक, जो जमीन पर किसी भी तरह के खतरा के खिलाफ टूट पड़ते हैं।

मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री: इस इकाई में बख्तरबंद गाड़ियों से लैस सैनिक।

आर्टिलरी यूनिट: इस यूनिट में वैसे सैनिक होंगे जो तोपखाने से दूर से हमला करेंगे।

विशेष सैनिक: इस यूनिट में खास मिशन के लिए ट्रेनिंग पाए सैनिकों को रखा जाएगा।

यूएवी (ड्रोन): इस यूनिट में बिना पायलट वाले हवाई हथियार रहेंगे, जिसका काम जासूसी और हमले करना होगा।

भारत और ब्रिटेन ने 24 जुलाई को मुक्त व्यापार की दिशा में आगे बढ़ते हुए एक व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते (सीईटीए) किए। इसे भारत का अब तक का सबसे महत्वाकांक्षी व्यापार समझौता माना जा रहा है। समझौते के तहत भारत के 99 फीसदी उत्पादों को ब्रिटेन में और यूके के 90 फीसदी उत्पादों को भारत में शुल्क मुक्त पहुंच मिलेगी। इससे पहले भारत ने दस देशों के संगठन दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (आसियान) के साथ एफटीए किया है। आसियान में भूटान, थाईलैंड, सिंगापुर, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, जापान, ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात, मॉरीशस और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) शामिल हैं, जिसमें आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं। भारत का श्रीलंका, मॉरीशस और मलेशिया के साथ भी एफटीए है, दक्षिण कोरिया, जापान और यूएई के साथ एक व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) है, ऑस्ट्रेलिया के साथ आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौता (ईसीटीए) है, सिंगापुर के साथ व्यापक आर्थिक सहयोग समझौता (सीईसीए) है और थाईलैंड के साथ तरजीही व्यापार समझौता (पीटीए) है। मुक्त व्यापार के नजरिये को पहली बार 1817 में अर्थशास्त्री डेविड रिकार्डो ने अपनी पुस्तक 'ऑन द प्रिंसिपल्स ऑफ पॉलिटिकल इकोनॉमी एंड टैक्सेशन' में लोकप्रिय बनाया था। आजकल में पेश है एफटीए का विश्लेषण...

ट्रेड बढ़ाने के नए युग का आगाज एफटीए

विश्लेषण
प्रभात कुमार रॉय
ग्लोबल ट्रेड व कूटनीतिक मामलों के जानकार

दिवस 24 जुलाई 2025 को भारत के आर्थिक और कूटनीतिक इतिहास में सदैव याद किया जाएगा। भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते की पहल ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के कार्यकाल में मई 2022 से प्रारंभ हुई थी। निश्चित तौर पर लेबर पार्टी के जुलाई 2024 में विराट बहुमत के साथ ब्रिटेन में सत्तासीन हो जाने के तत्पश्चात भारत और ब्रिटेन के मध्य मुक्त व्यापार वार्ताओं को तेज गति उत्पन्न हो गई। यकीनन यदि कंजरवेटिव पार्टी ब्रिटेन में सत्तासीन होती तो संभव है कि फिर भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता ऐसा शानदार प्रारूप ले ही नहीं पाता, क्योंकि कूटनीतिक तौर पर ब्रिटेन की कंजरवेटिव पार्टी का रुख सदैव अमेरिका समर्थक रहा है।

एक ऐसे वक्त में जबकि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और नाटो के सेक्रेटरी जनरल मार्क रूट 32 नाटो देशों में भारतीय निर्यात पर सौ प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ आयद करने की धमकी दे रहे हैं, जिस वक्त में यूरोपियन यूनियन भारतीय तेल कंपनियों पर प्रतिबंध आयद करने का फैसला ले रही हैं। ठीक उसी वक्त में नाटो सैन्य संगठन का एक प्रमुख सदस्य देश और यूरोप का सिरमौर देश ब्रिटेन राष्ट्रपति ट्रंप, नाटो चीफ मार्क रूट और यूरोपियन यूनियन की धमकी को एकदम से दरकिनार करते हुए भारत के साथ एक मुक्त व्यापार समझौता अंजाम दे देता है। इससे भारतीय निर्यात पर पश्चिमी देशों द्वारा विशाल टैरिफ आयद करने की धमकियों का कुहासा यकायक ध्वस्त होने लगता है। 24 जुलाई 2025 को भारत के आर्थिक और कूटनीतिक इतिहास में सदैव याद किया जाएगा। भारत-ब्रिटेन व्यापक मुक्त व्यापार समझौते की पहल ब्रिटेन के पीएम बोरिस जॉनसन के कार्यकाल में मई 2022 से प्रारंभ हुई थी। निश्चित तौर पर लेबर पार्टी के जुलाई 2024 में विराट बहुमत के साथ ब्रिटेन में सत्तासीन हो जाने के तत्पश्चात भारत और ब्रिटेन के मध्य मुक्त व्यापार वार्ताओं को तेज गति उत्पन्न हो गई। यदि कंजरवेटिव पार्टी ब्रिटेन में सत्तासीन होती तो संभव है कि भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता ऐसा शानदार प्रारूप नहीं ले पाता, क्योंकि कूटनीतिक तौर पर ब्रिटेन की कंजरवेटिव पार्टी का रुख सदैव अमेरिका समर्थक है। लेबर पार्टी अपने बुनियादी चरित्र में एक वामपंथी पार्टी रही है, अतः वह अमेरिकी नीतियों का अंधानुकरण नहीं किया करती है।

अंतरराष्ट्रीय संबंध शक्तिशाली बनेंगे

ब्रिटेन के साथ भारत के ऐतिहासिक अंतरराष्ट्रीय संबंध को और अधिक शक्तिशाली बनाने में मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का भविष्य में बड़ा किरदार रहेगा। भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौते के लिए द्विपक्षीय आर्थिक और कूटनीतिक वार्ताएं शनैः शनैः कदमताल करते हुए तीन वर्षों तक मंथर गति से कभी रुक गई थी और फिर कभी चल पड़ी थी। आखिरकार 15 राउंड तक चली द्विपक्षीय वार्ताओं के पश्चात 24 जुलाई को मुक्त व्यापार समझौते को भारत और ब्रिटेन द्वारा अंतिम पड़ाव तक पहुंचा दिया गया। भारत की ओर से वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और ब्रिटेन की ओर से जोनाथन रेनाल्ड द्वारा मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

भारत ब्रिटेन व्यापार समझौते के महत्व को इस तथ्य से बाकायदा समझा जा सकता है कि इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री किएर स्टार्मर विद्यमान रहे और समझौते पर दस्तखत हो जाने के पश्चात प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने फरमाया कि यह समझौता केवल आर्थिक साझेदारी का ही नहीं है, वरन् साझा समृद्धि की भी एक कार्य योजना है। यह समझौता दोनों देशों के मध्य

व्यापार बाधाओं को खत्म करने की दिशा में कदम बढ़ाएगा। साथ ही भारत और ब्रिटेन के मध्य तकनीकी सहयोग, नवाचार और पूंजी निवेश की राह को प्रशस्त करेगा। उल्लेखनीय है कि भारत और ब्रिटेन के मध्य 25.5 अरब पौंड अर्थात 5 लाख करोड़ रुपये का वार्षिक व्यापार है।

पांच वर्षों में बढ़कर दोगुना होगा व्यापार

इस समझौते के बाद यह उम्मीद जताई गई है कि यह परस्पर व्यापार आगामी 5 वर्षों के अंदर बढ़कर दोगुना हो जाएगा। आजकल ब्रिटेन को भारत का निर्यात तकरीबन तीन लाख करोड़ का है, जबकि ब्रिटेन का भारत को निर्यात लगभग दो लाख करोड़ का है। भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौते में अनेक पहलू विद्यमान हैं। सबसे पहला पहलू है कि भारत द्वारा ब्रिटेन को निर्यात किए जाने वाले 99 प्रतिशत सामान पर कोई आयात शुल्क (टैरिफ) आयद नहीं किया जाएगा। ब्रिटेन द्वारा भारत को निर्यात किए गए 90 प्रतिशत सामान पर भी कोई आयात शुल्क (टैरिफ) आयद नहीं किया जाएगा। भारत से ब्रिटेन को निर्यात किए जाने वाले सामान मुख्यतः भारत के कृषि उत्पाद जैसे फल, सब्जियां, हल्दी, काली मिर्च, इलायची आदि, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों (प्रोसेस्ड फूड), समुद्री उत्पाद झींगा, टूना मछली का चारा, टेक्सटाइल हस्तशिल्प सामान, फुटवियर, हीरे-सोने की ज्वेलरी, फार्मा, जेनेरिक दवाएं, इंजीनियरिंग सामान, ऑटो पार्ट्स आदि पूरी तरह से आयात शुल्क (टैरिफ) से मुक्त हो जाएंगे। अतः इन सभी भारतीय सामानों के लिए ब्रिटेन में एक बड़ा बाजार उपलब्ध हो सकता है। उल्लेखनीय है कि अभी तक ब्रिटेन के बाजार चीन के माल से लबरेज रहते हैं। भारतीय निर्यात के लिए ब्रिटेन में आयात शुल्क (टैरिफ) मुक्त हो जाने के कारण भविष्य में भारतीय सामान यकीनन चीन के सामान को कड़ी टक्कर दे सकेंगे। ब्रिटेन द्वारा भारत को निर्यात किए जाने वाली वस्तुओं में स्कॉच व्हिस्की पर आयात शुल्क 150 प्रतिशत से घटाकर 75 प्रतिशत कर दिया गया है। आगामी 10 वर्षों में शनः शनः स्कॉच व्हिस्की पर भारत में टैरिफ घटाकर 40 प्रतिशत तक कर दिया जाएगा। ब्रिटेन द्वारा भारत को निर्यात की जाने वाली ऑटो कारों पर भी टैरिफ 100 प्रतिशत से घटाकर आगामी दस वर्षों में 10 प्रतिशत तक कर दिया जाएगा।

आटो इंडस्ट्री को मिलेगी प्रतिस्पर्धा

बरसों बाद गांव जाने का मौका मिला। तांगा स्टैंड अब टैंपो स्टैंड में बदल चुका था। टैंपो से उतरते ही अपने नाम की आवाज कानों में पड़ी, 'गोपाल...!' मैंने पलट कर देखा। सामने एक चाय की गुमटी थी, जो धुएं में बिल्कुल काली दिखाई दे रही थी। मैंने टैंपो वाले को बीस का नोट दिया और उस दुकान की तरफ बढ़ गया। 'आ भई...आ.. बहुत दिनों बाद गांव की याद आई तुझे।' उसने मुझे दुकान के अंदर बुलाते हुए कहा। मैंने उससे हाथ मिलाने के लिए अपना दायां हाथ आगे बढ़ाया। उसने हाथ तो अपना बढ़ाया, लेकिन दायां नहीं बायां। मेरी नजर उसके दाएं कंधे की ओर गई। मेरे पैरों तले जमीन खिसक गई। 'यह क्या हुआ रामू?' मेरे मुंह से निकला। 'भाई गोपाल, मुझे माफ कर दे...।' रामू की आंखें नम हो आईं। 'किस बात की माफी भाई...?' मैंने उसके बाएं हाथ को पकड़ते हुए पूछा। 'दोस्त, तू मुझे जी भर कर लूला (हाथ से दिव्यांग) कह सकता है...।' वह रुआंसा हो गया। मैं समझ गया था, वह क्या कहना चाह रहा है? मैं अतीत में चला गया। बात उन दिनों की है, जब मैं गांव में रहा करता था। मेरी मित्र मंडली में यूं तो बहुत से दोस्त थे। सबके सब मुझे प्यार से गोपाल कह कर बुलाते थे, लेकिन रामू एक ऐसा दोस्त था, जो मुझे लंगड़ा (पैर से दिव्यांग) कह कर बुलाता था। दरअसल, मैं जब छह महीने का था, तब मेरे बाएं कूल्हे पर एक फोड़ा हो गया था, जो बाद में नासूर बन गया था। उसी के चलते मेरा बायां पैर खराब हो गया। मैं हमेशा के लिए दिव्यांगता की श्रेणी में आ गया।

गांव से चार किलोमीटर दूर दूसरे गांव में सीनियर हायर सेकेंडरी स्कूल था। वहां हम सब दोस्त मिलकर नौवीं-दसवीं कक्षा में पढ़ते थे। तब रामू सबके सामने मुझे लंगड़ा कह कर ही पुकारता था। अन्य दोस्त उसको खूब समझाते कि गोपाल को 'लंगड़ा' मत बुलाया कर, लेकिन वह था कि मानता नहीं था। स्कूल के शिक्षक भी उसे इस बात के लिए डांटते, लेकिन वह अपनी आदत से बाज नहीं आता।

एक दिन तो तब हद हो गई, जब उसने प्रिंसिपल साहब के सामने ही मुझे लंगड़ा कह दिया। उन्हें उसकी यह बात बहुत बुरी लगी, उन्होंने उसे पीटा भी। प्रिंसिपल साहब की पिटाई से तो वह और ज्यादा खफा हो गया। अब वह मुझे जब देखो तब लंगड़ा-लंगड़ा कहकर चिढ़ाने लगा। मेरी भी आदत सी हो गई थी, लंगड़ा सुनने की। मैं कभी नहीं चिढ़ता था। लेकिन दूसरों को उसका लंगड़ा कहकर बुलाना अच्छा नहीं लगता था। दसवीं पास करने के बाद मैं आगे की पढ़ाई के लिए शहर चला आया। एमए अंतिम वर्ष के इम्तिहान खत्म हो चुके थे। इसलिए मैंने सोचा क्यों न गांव जाकर पुराने मित्रों से मिला जाए।

'क्या हुआ कहां खो गया गोपाल ...?' रामू ने मेरे हाथ को झटका देते हुए पूछा। 'कुछ नहीं यार, मैं अपने बचपन में खो गया था। खैर बता तेरे दांए हाथ को क्या हुआ?' मैंने पास में पड़े स्टूल पर बैठते हुए पूछा। 'मत पूछ... जैसी करनी वैसी भरनी...। मैंने तुझे कभी तेरे नाम से नहीं बुलाया... तुझे लंगड़ा ही कहा। अब तू मुझे लूला कह सकता है।' उसने भर्राई आवाज में कहा।

'छोड़ यार पुरानी बातों को...तू मेरे लिए रामू है... और रामू ही रहेगा... पर तुमने बताया नहीं यह सब कैसे हुआ?' मैंने पूछा।

रामू चाय का कप मेरे हाथ में थमाते हुए बोला, 'दसवीं की परीक्षा पास करने के बाद मैं अपने पिताजी के साथ खेती करने लगा। दो साल पहले गेहूं निकालने के लिए खेत में थ्रेसर (अनाज निकालने की मशीन) लगा हुआ था। देर रात तक थ्रेसर पर खड़े रहने की वजह से नींद की झपकी आ गई। मेरा दायां हाथ मशीन में आ गया। जब मुझे होश आया तब मैं अस्पताल में भर्ती था। मेरा दायां हाथ कट चुका था।' 'फिर यह दुकान?' मैंने पूछा।

'दुर्घटना के लगभग एक साल बाद पिताजी ने मेरी छोटी-सी दुकान खुलवा दी। बस यहीं से थोड़ा बहुत कमाकर अपना गुजारा कर लेता हूं... तू बता क्या कर रहा है आजकल?' उसने अपनी बात खत्म करते ही पूछा। मैंने बताया, 'एमए का इम्तिहान दिया है। आगे प्रशासनिक सेवा की तैयारी करने की सोच रहा हूं। मेरा लक्ष्य यही है आईएएस बनूं।' मैं उठ कर चलने लगा तो रामू मेरे गले लग गया, बोला, 'गोपाल, अपने दोस्त को माफ तो कर दिया ना...।' मैंने मुस्कुराते हुए कहा, 'रामू मैं तेरे लिए तो अभी भी लंगड़ा ही हूं... तेरे मुंह से गोपाल अच्छा नहीं लगता।' *

प्रेमचंद की धरोहर कहानियां

{ पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण }

आगामी 31 जुलाई को कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की 145वीं जयंती मनाई जाएगी। उनके जाने के लगभग नौ दशक गुजर जाने के बाद आज भी उनका कथा साहित्य अगर प्रासंगिक बना हुआ है तो ऐसा उनकी गहन दृष्टि और सामाजिक-राष्ट्रीय सरोकार से प्रतिबद्धता के कारण ही संभव हुआ है। हाल में प्रकाशित होकर आईं ख्यात आलोचक-संपादक पल्लव के संपादन में दो पुस्तकें 'प्रेमचंद की दलित कथाएं' और 'प्रेमचंद की स्वतंत्रता संग्राम कथाएं' इस बात को और प्रमाणित करती हैं। 'प्रेमचंद की दलित कथाएं' पुस्तक में संकलित 15 कहानियां आजादी से पहले के भारतीय समाज में धंसी हुई जातिगत मानसिकता को न केवल उजागर करती हैं, बल्कि उस दौर की सामाजिक कुरूपता को भी कठघरे में खड़ा करती हैं। 'सद्गति, ठाकुर का कुआं, कफन, जुरमाना, मंदिर' और 'दूध का दाम' जैसी कहानियां उस काल के सामाजिक विद्रूप को अनावृत करने के साथ आज भी याद आ जाती हैं, जब इक्कीसवीं सदी के ढाई दशक गुजरने के बाद भी जाति आधारित भेदभाव से उपजी घटनाएं हमारे समाज में घटित होती हैं।

दूसरी पुस्तक 'प्रेमचंद की स्वतंत्रता संग्राम कथाएं' में सोलह ऐसी कहानियां चयनित की गई हैं, जिनमें स्वाधीनता से पहले के भारतीय जनमानस में व्याप्त आजाद होने की आकुलता नजर आती है। इस पुस्तक में संकलित 'सुहाग की साड़ी, जुलूस, बौड़म' और 'शतरंज के खिलाड़ी' आदि कहानियां इस बात को प्रमाणित करती हैं कि पराधीन भारत के आमजन में आजाद होने की कैसी उत्कंठा थी। महात्मा गांधी के सत्याग्रह और अहिंसक आंदोलन के प्रति प्रेमचंद के मन में कितनी निष्ठा थी, इस बात को भी ये कहानियां प्रमाणित करती हैं। ये दोनों पुस्तकें शोधार्थियों के लिए तो उपयोगी होंगी ही, प्रेमचंद के वैचारिक वैशिष्ट्य और सरोकारों को भी समझने में सहायक सिद्ध होंगी। *

पुस्तकें: प्रेमचंद की दलित कथाएं और प्रेमचंद की स्वतंत्रता संग्राम कथाएं,
संपादक: पल्लव, **मूल्य:** 250 रुपए (प्रत्येक), **प्रकाशक:** राजपाल एंड संस, दिल्ली

तरकश

संजय के दीक्षित

अफसरों को सरकार की वार्निंग

34 हजार में स्टील का जग, एक हजार का चप्पल और एक लाख की टीवी...सरकारी खरीदी के इस एपिसोड ने आम आदमी को चौंकाया ही, सरकार को भी हिला कर रख दिया। हालांकि, इसके बाद सरकार हरकत में आई...ताजा अपडेट यह है कि सीएम सचिवालय ने सभी सचिवों और डायरेक्टर्स-कमिश्नरों को व्हाट्सएप मैसेज भेज कड़ी चेतावनी दी है। सचिवों और विभागाध्यक्षों से दो टूक कहा गया है कि फलां साहब ने बोला...फलां जी ने ऐसा करने कहा...नहीं चलेगा। आप खरीदी प्रक्रिया से लेकर उसके नियमों पर कड़ी नजर रखेंगे। और आगे से कोई भी गड़बड़ी होगी तो उसके लिए सीधे सचिव और एचओडी जिम्मेदार होंगे। जिला स्तर पर अगर कोई खरीदी हो रही तो निगरानी का दायित्व कलेक्टरों का होगा। अब देखना है कि इस चेतावनी से आएं-बाएं होने वाली सरकारी खरीदी पर कितना अंकुश लगता है?

वसूली का निज सचिव

सीएम सचिवालय ने सचिवों और एचओडी को चेतावनी जारी कर दिया मगर जब तक मंत्रियों के निज सचिवों को टाईट नहीं किया जाएगा, तब तक इसका कोई खास असर नहीं होगा। दरअसल, छत्तीसगढ़ में सरकारी खरीदी का नया ट्रेंड शुरू हो गया है। सचिवों का जो हिस्सा बनता था, वह मिल जा रहा मगर उसकी पूरी मॉनिटरिंग मंत्रियों के बंगले से हो रही है। 10 में से कम-से-कम आठ मंत्रियों के निज सचिव बंगले से पूरा खेल कर रहे हैं। बंगले से ही सप्लायरों से डील होती है। दो-एक मंत्री तो अपने निज सचिवों के जाल में फंसकर अपनी बरसों से बनी-बनाई छबि को तार-तार कर लिया है। खटराल निज सचिवों ने ऐसा चस्का लगा दिया कि पूछिए मत! आखिर, आई हुई लक्ष्मीजी को ठुकराने का साहस सबमें होता नहीं। ऐसे में, मंत्रियों के स्टॉफ की मनमानी बढ़ेगी ही। बात मिलियन की है...निज सचिवों पर सरकार ने अगर लगाम नहीं लगाया तो सरकार के साथ कई मंत्रियों की छबि धूल-धूसरित होगी। अब भला बताइये, अटलजी जैसे बीजेपी के प्रातः स्मरणीय नेता की प्रतिमा में कमीशन मांगा जाए तो फिर तो फिर इसके बाद कुछ बचता है क्या?

कलेक्टरों का खेल

1000 का चप्पल और एक लाख की टीवी पर सोशल मीडिया में खूब ट्रेंड हुआ...मगर यह कुछ भी नहीं है। 2020 से लेकर 2022 तक आत्मानंद अंग्रेजी स्कूलों में डीएमएफ से खरीदी में सूबे के कलेक्टरों ने जो खेल किया, उसके सामने ये कुछ भी नहीं है। कई जिलों में सप्लायर लाल हो गए...25 हजार का डिजिटल बोर्ड कलेक्टरों ने डेढ़ से दो लाख में खरीदा था। इसी तरह फर्नीचर से लेकर यूनिफार्म, स्कूलों का रिनोवेशन के काम में कलेक्टरों ने करोड़ों पिट डाला। ये अलग बात है कि जो पकड़ा गया वह चोर, जो बच गया ईमानदार। सरकार आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल की सिर्फ खरीदी की जांच करा दें तो कई आईएएस अधिकारियों की मुश्किलें बढ़ जाएंगी।

कमिश्नर सिस्टम में रोड़ा?

छत्तीसगढ़ में पुलिस कमिश्नर सिस्टम लागू करने गृह विभाग ने पुलिस महकमे से रिपोर्ट मंगाई थी। फर्स्ट फेज में रायपुर और भिलाई-दुर्ग को मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट बनाने का प्लान था। रायपुर और दुर्ग पुलिस ने इसके लिए सरकार को विस्तृत रिपोर्ट भेज दी थी। मगर चार महीने से ज्यादा हो गया, रायपुर में पुलिस कमिश्नर बिठाने कोई सुगबुगाहट नहीं है। हालांकि, पहले भी कई बार रायपुर और बिलासपुर में पुलिस कमिश्नर बिठाने की बातें हुई मगर उसका क्रियान्वयन नहीं हो पाया। अलबत्ता, पिछली सरकार ने कमिश्नर सिस्टम लागू-लागू करते-करते रायपुर रेंज को दो हिस्सों में बांट दिया था। दिसंबर 2024 में सरकार बदली तो दोनों को एक किया गया। बहरहाल, एमपी गवर्नमेंट ने भोपाल, इंदौर और जबलपुर में पुलिस कमिश्नर सिस्टम लागू कर दिया है। छत्तीसगढ़, बिहार जैसे बहुत कम राज्य बच गए हैं, जहां अभी तक पुलिस कमिश्नर सिस्टम लागू नहीं हो पाया है। बहरहाल, रायपुर अगर पुलिस कमिश्नरेट बन गया तो आईजी स्तर का कमिश्नर होगा, वहीं एसपी स्तर के कम-से-कम चार डिप्टी पुलिस कमिश्नर होंगे। राजधानी बनने के बाद रायपुर में 25 साल में जिस तरह किसिम-किसिम के क्राइम बढ़े हैं, उसमें कमिश्नर सिस्टम अब जरूरत बन गया है। जाहिर है, पुलिस में रिफार्म की दिशा में भी यह बड़ा प्रयास होगा।

अस्पताल की मौत!

ये शीर्षक आपको अटपटा लग सकता है...अस्पताल में मरीजों की मौत होती है...अस्पताल भला कैसे मर सकता है। मगर रायपुर के डीकेएस सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के संदर्भ में यह शीर्षक मौजूं है। बीजेपी की तीसरी सरकार के दौरान इस खाली पड़े मंत्रालय भवन को सुपरस्पेशलिटी अस्पताल बनाने का मसविदा तैयार किया गया था, उसे पढ़कर कोई भी चकित हो जाएगा। एम्स की तरह इसे डेवलप किया जाना था। इसके सिविल वर्क के लिए पीडब्लूडी ने 19 करोड़ का बजट दिया था। मगर सीजीएमएससी ने उसे नौ करोड़ में कंप्लीट कर दिया। तब सीजीएमएससी में 40 परसेंट वाला हिसाब-किताब शुरू नहीं हुआ था। बहरहाल, डीकेएस का मसविदा में स्पष्ट तौर पर लिखा था कि दिल्ली एम्स की तरह आईएएस को इस अस्पताल का प्रशासक बनाया जाएगा। देश के नामी डॉक्टरों का पैकेज की बात आई तो सिस्टम में बैठे लोगों ने कहा कि सात-आठ लाख रुपए से कम में कोई सुपरस्पेशिलिटी वाला डॉक्टर रायपुर नहीं आएगा और चूंकि चीफ सिकरेट्री का वेतन ढाई लाख है, इसलिए इससे अधिक डॉक्टरों को वेतन दिया नहीं जा सकता। इस पर तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री अजय चंद्राकर भड़क गए थे। बोले, चीफ सिकरेट्री का काम अलग है और डॉक्टर का काम अलग। चीफ सिकरेट्री राज्य की योजनाओं को एक्जीक्यूट करता है और डॉक्टर लोगों की जान बचाता है। इसलिए, अच्छे डॉक्टरों को बुलाने जितना लगे उतना देकर लाया जाए। बताते हैं, इसके लिए सीएम रमन सिंह भी तैयार हो गए थे। मगर अस्पताल पूर्ण स्वरूप में आता, तब तक विधानसभा चुनाव आ गया और सरकार चली गई। इसके बाद डीकेएस को सेपरेट संस्था बनाने और आईएएस पोस्ट करने की बजाए सिस्टम ने इसका गला घोंट दिया। डीकेएस को रायपुर मेडिकल कॉलेज के डीन के अधीन कर दिया गया। अब जरा सोचिए, जो लोग आंबेडकर अस्पताल को ठीक से नहीं चला पाए, वे सुपरस्पेशलिटी को कैसे चलाएंगे। और, वही हुआ...पिछले छह साल में डीकेएस अस्पताल तड़प-तड़पकर मरने जैसा हो गया। आज की तारीख में इस सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल का कहीं कोई नाम नहीं सुनने में आता।

प्रायवेट अस्पतालों में हड़कंप

डीकेएस सुपरस्पेशलिटी के बारे में सरकार की प्लानिंग सुन प्रायवेट अस्पताल मालिक सहम गए थे। मंत्रालय से लेकर हर उस चौखट पर विरोध कराया गया, जहां से राहत मिल सकती थी। दरअसल, प्रायवेट अस्पताल की लॉबी नहीं चाहती कि कोई सरकारी अस्पताल सक्षम बने। यही वजह है कि सरकारी अस्पतालों में लाखों, करोड़ों की मशीनें तो खरीद ली जाती है मगर उसकी पेकिंग तक नहीं खोली जाती। और खुली भी तो महीने-दो महीने में कर दिया जाता है खराब घोषित। रायगढ़ निवासी मशहूर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ० राजीव राठी इस समय दिल्ली के मैक्स अस्पताल में हैं। अपने स्टेट को लेकर वे बड़े संजीदा रहते हैं। रमन सिंह की दूसरी पारी में उनके साथ स्वास्थ्य विभाग ने कंट्रेक्ट किया था कि महीने में दो बार रायपुर आकर वे आंबेडकर में मरीजों को देख जाए। मगर प्रायवेट अस्पताल से कमीशन लेने वाले आंबेडकर हॉस्पिटल के लोग बार-बार कैथलेब को खराब कर देते थे। ऐसे में, कई बार डॉ० राठी को उल्टे पावं दिल्ली लौटना पड़ा। आंबेडकर अस्पताल वालों का लक्षण देख डॉ० राठी ने रायपुर आना बंद कर दिया। उधर, डीकेएस सुपरस्पेशलिटी को फेल करने में आखिरकार 2019 में कामयाबी मिल गई। स्वास्थ्य विभाग ने आदेश जारी कर डीकेएस को रायपुर डीन के अधीन कर दिया। इसके साथ ही एम्स जैसे सरकारी संस्थान बनाने की प्लानिंग भी ध्वस्त हो गई।

छोटे नवाब, फॉर्चूनर गाड़ी

एक वो भी समय था, जब सरकारी अफसरों को पोस्ट के अनुसार गाड़ी दी जाती थी। छत्तीसगढ़ बनने के बाद भी करीब 2010 तक कलेक्टर, एसपी के पास एंबेसडर कार होती थी और उनके नीचे के अधिकारियों के पास बोलेरो या स्वीफ्ट, इंडिगो जैसी गाड़ियां। मगर उसके बाद छत्तीसगढ़ की अफसरशाही में रामराज आ गया। अब आलम यह है कि गाड़ियों से आप पहचान नहीं पाएंगे कि किसमें सिकरेट्री, कलेक्टर या एसपी साहब होंगे और किसमें एसडीएम, एसडीओपी या कोई क्लास टू का अफसर। इन दिनों मलाईदार विभागों के क्लास टू के अफसर भी इनोवा में चलते हैं और कलेक्टर, एसपी और सिकरेट्री भी। सिस्टम में किसका ओहदा बड़ा है, किसका छोटा...सूबे में यह फर्क मिट गया है। छत्तीसगढ़ के बड़े नौकरशाहों ने अपना दिल इतना बड़ा कर लिया है कि इन छोटी-मोटी बातों से इत्तेफाक नहीं रखते। फिलहाल, शीर्षक के हिसाब से बात छोटे नवाब, फार्चूनर गाड़ी की तो, यह मसला ट्राईबल विभाग से जुड़ा है। जाहिर है, यह विभाग हाल में 32 हजार का जग खरीदने को लेकर परम कुख्याती हासिल कर चुका है। इस विभाग के कुछ असिस्टेंट कमिश्नर 35 लाख की फॉर्चूनर गाड़ियों में चलते हैं। वे बकायदा कलेक्टर की मीटिंगों में भी जाते हैं। इससे समझा जा सकता है कि छत्तीसगढ़ में क्या चल रहा है।

फायनेंस का ब्रेकर खतम

हालांकि, वित्त विभाग का नियम है कि सरकारी अफसरों के लिए 10 लाख से अधिक की गाड़ियां नहीं खरीदी जा सकती। इससे अधिक की लेनी हो तो फायनेंस से स्वीकृति लेनी होगी। डीएस मिश्रा के फायनेंस सिकरेट्री रहते तक अफसर उनके आगे-पीछे चिरौरी करते रहते थे कि कृपा होने पर वे पंसदीदा गाड़ी खरीद सकें। मगर अब भारत सरकार की इतनी योजनाएं आ गईं कि फायनेंस से पूछने की कोई जरूरत नहीं। जो भी गाड़ी किराये से ले लो, बिल विभाग वहन करेगा। कई जिलों के कलेक्टर, एसपी जैसे अथॉरिटी माने जाने वाले अफसर भी किराये की गाड़ियों में आपको दिख जाएंगे। हालांकि, वित्त सचिव मुकेश बंसल ने कुछ महीने पहले किराये की गाड़िया हायर करने पर बंदिशें लगाई थीं मगर पता नहीं ऐसा क्या हुआ कि उन्होंने अपना आदेश वापिस ले लिया।

आईपीएस की पार्टी

अरसे बाद रायपुर के पुलिस ऑफिसर्स मेस में आईपीएस की फेमिली पार्टी हुई। रायपुर में पोस्टेड सारे आईपीएस के साथ ही राजधानी के आसपास के जिलों के कप्तानों को भी इसमें बुलाया गया। आईएएस की तो अक्सर कोई-न-कोई पार्टी होती रहती हैं। मंत्रालय वाले महीने में एक लंच का आयोजन कर लेते हैं...साल में आईएएस कांक्लेव भी हो जाता है। मगर आईपीएस अधिकारी इस तरह की गैदरिंग न होने से दुखी रहते थे। चलिये आईएएस अधिकारियों की ये शिकायत दूर हुई।

छत्तीसगढ़ से उपराष्ट्रपति?

यूपीए शासनकाल में उप राष्ट्रपति के लिए छत्तीसगढ़ के मोतीलाल वोरा का नाम चर्चा में था। मगर बाद में कांग्रेस ने वोट बैंक की दृष्टि से हमीद अंसारी को उप राष्ट्रपति बनाना मुनासिब समझा। इस समय जगदीप धनखड़ के इस्तीफे से देश की दूसरी सबसे बड़ी कुर्सी खाली है। भारत निर्वाचन आयोग ने उप राष्ट्रपति चुनाव के लिए प्रॉसेज प्रारंभ कर दिया है। रिटर्निंग ऑफिसर की नियुक्ति हो गई है। बहरहाल, छत्तीसगढ़ के पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने सात बार के सांसद तथा तीन राज्यों के राज्यपाल रहे रमेश बैस को इस चेयर पर बिठाने का पत्र लिखा है। हालांकि, विशुद्ध रूप से बैज द्वारा छोड़ा गया यह सियासी शगूफा है। मगर यह भी सत्य है कि उप राष्ट्रपति बनने लायक छत्तीसगढ़ में दो बड़े फेस तो हैं। इनमें से एक की किस्मत तो बड़ी तगड़ी है। वैसे भी राजनीति में कब किसके सितारे बुलंद हो जाए और कब बूझ जाए, कुछ कहा नहीं जा सकता।

'टाटा' को झटका

ग्राम पंचायतों में नेटवर्किंग का काम करने वाली टाटा कंपनी को बड़ा झटका लगा है। भारत नेट परियोजना के तहत उसे पांच हजार से अधिक गांवों में इंटरनेट के लिए फाइबर बिछाना था। मगर 1600 करोड़ पेमेंट हो जाने के बाद भी पता चल रहा कि 50 के करीब गांव में ही इंटरनेट फंक्शन कर रहा है। टाटा कंपनी के खिलाफ 'चिप्स' ने तगड़ा एक्शन लेते हुए न केवल टेंडर निरस्त कर दिया है बल्कि 170 करोड़ की बैंक गारंटी जब्त कर ली है। जाहिर है, टाटा जैसी कंपनी का इतने बड़े स्तर पर कहीं बैंक गारंटी सीज नहीं हुई होगी। असल में, टाटा नेटवर्किंग कंपनी के अधिकारियों ने काम ही ऐसा किया...क्रेडिबल कंपनी का रेपो खुद से खराब कर दिया।

मंत्रिमंडल विस्तार

जिस तरह जगदीप धनखड़ ने उप राष्ट्रपति पद से इस्तीफा देकर पूरे देश को चौंका दिया, उसी तरह भारतीय जनता पार्टी के नेता विष्णुदेव कैबिनेट का विस्तार की सूचना देकर लोगों को चकित कर दें तो बात अलग है। वरना, मंत्रिपरिषद विस्तार का मामला अब ठंडे बस्ते में ही समझिए। इस समय स्थिति यह है कि मंत्रिमंडल विस्तार पर सरकार से लेकर बीजेपी तक कोई बात करने तैयार नहीं है। मंत्री पद के दावेदारों को अब थोड़ी-बहुत उम्मीद बची है तो बिहार चुनाव से। बिहार में इस साल नवंबर में विधानसभा चुनाव है। यादव वोटरों पर डोरे डालने बीजेपी गजेंद्र यादव को मंत्री बना सकती है। संघ पृष्ठभूमि के गजेंद्र का नाम शुरू से चर्चाओं में है। सियासी पंडितों का कहना है कि गजेंद्र के भरोसे मंत्रिमंडल विस्तार हो गया तो ठीक है, नहीं तो फिर 10 मंत्रियों के भरोसे ही सब कुछ चलता रहेगा...जैसा कि इस समय चल रहा है।

अंत में दो सवाल आपसे

1. सिकरेट्री या प्रिंसिपल सिकरेट्री रैंक के आईएएस को स्टेट कैपिटल रीजन का सीईओ बनाया जाएगा, आप इस लायक तीन अफसरों का नाम बताइये?
2. आगरा यूनिवर्सिटी से छत्तीसगढ़ का क्या कनेक्शन है कि वहां के दो-दो प्रोफेसर यहां कुलपति बन गए?

एनएमसी रिश्वतखोरी के आरोपियों की जमानत याचिका खारिज

दो का जमानत आवेदन पहले ही खारिज हो चुका, सीट बढ़ाने 55 लाख रुपए रिश्वत लेने का आरोप

हरिभूमि न्यूज:रायपुर

रावतपुरा मेडिकल कालेज में सीट बढ़ाने 55 लाख रिश्वत लेकर ओके रिपोर्ट देने के मामले में सीबीआई की स्पेशल कोर्ट ने शनिवार को जेल में बंद चार आरोपियों का जमानत आवेदन खारिज कर दिया है। दो लोगों की जमानत याचिका पहले ही खारिज हो चुकी है। बचाव पक्ष के वकील ने जमानत आवेदन पेश करते हुए आरोपियों के दूसरे स्टेट के होने तथा सीबीआई जांच में सहयोग की बात का उल्लेख करते हुए जमानत आवेदन पेश किया था।

रिश्वत मामले में सीबीआई कोर्ट ने जिन आरोपियों का जमानत आवेदन खारिज किया है, उनमें निरीक्षण दल के सदस्य डॉ. अशोक शेल्के, डॉ. चैत्रा एमएस, हवाला कनेक्शन से पैसा लेने वाला सथीष ए. तथा चैत्रा के पति रविचंद्र के. का नाम शामिल है। कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए चारों की जमानत याचिका खारिज की है। कोर्ट रावतपुरा मेडिकल कालेज के डायरेक्टर अतुल कुमार तिवारी तथा निरीक्षण दल के प्रमुख डॉ. मंजप्पा सीएन की जमानत याचिका पहले ही खारिज कर चुकी है। रावतपुरा मेडिकल कालेज का निरीक्षण करने पहुंची एनएमसी की चार सदस्यी टीम 30 जून को रायपुर आई थी। आरोप है कि निरीक्षण टीम के साथ रावतपुरा मेडिकल कालेज के डायरेक्टर ने षड़यंत्र कर सीट बढ़ाने रिश्वत की पेशकश की थी। इसके बाद निरीक्षण टीम के सदस्यों के पास हवाला रैकेट के माध्यम से निरीक्षण टीम के सदस्यों के पास 55 लाख रुपए पहुंचाए गए।

अनुमति की जरूरत नहीं, 100 दिन के भीतर होगा डायवर्सन प्रभावित भूमि मालिक को मिलेगा 42 प्रतिशत विकसित प्लॉट

नया विहार में अधिग्रहण से प्रभावित भूमि मालिकों को मिलेगा ज्यादा फायदा

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

नवा रायपुर क्षेत्र में नगर विकास योजना अंतर्गत कौशल्या विहार (कमल विहार) की तर्ज पर प्रस्तावित नया विहार प्रोजेक्ट में प्रभावित भूमि मालिकों को ज्यादा फायदा होगा। एनआरडीए ने इस प्रोजेक्ट में भूमि मालिक को 42 प्रतिशत विकसित प्लॉट देने का प्रावधान रखा है। इस प्रोजेक्ट में भूमि मालिकों को लैंड यूज बदलवाने एवं डायवर्सन कराने के लिए चक्कर काटना नहीं पड़ेगा, क्योंकि इसकी जरूरत ही नहीं पड़ेगी। प्रभावित क्षेत्र का पहले ही लैंड यूज बदल दिया जाएगा, वहीं डायवर्सन भी 100 दिनों के भीतर उन्हें मिल जाएगा। इस तरह इस प्रोजेक्ट से प्रभावित भूमि मालिकों को विकसित प्लॉट मिलेगा, जो एक स्मार्ट शहर से कम नहीं होगा।

रायपुर और नवा रायपुर के बीच सड़क कनेक्टिविटी बढ़ाने तथा स्मार्ट सिटी के रूप में गांवों को बसाने के उद्देश्य से लाए जा रहे इस प्रोजेक्ट के लिए नवा रायपुर क्षेत्र के 6 गांव को शामिल किया गया है। इनमें ग्राम बरौंदा, रमचंडी, रीको, मंदिरहसौद, सेरीखेड़ी और नकटी है। ये सभी गांव रायपुर एवं आरंग तहसील क्षेत्र से लगे हुए हैं। इन गांवों की लगभग 436 हेक्टेयर भूमि को अधिग्रहण के लिए चिन्हांकित किया गया है। हालांकि एनआरडीए इस प्रोजेक्ट में एक रुपए भी खर्च नहीं करेगा, क्योंकि इस प्रोजेक्ट को ऐसी कंपनी या बिल्डरों से अनुबंध करेगा जो भूमि अधिग्रहण करने से लेकर इस क्षेत्र को स्मार्ट शहर की तरह विकसित करेगी।

कमल विहार की तर्ज पर प्रस्तावित नया विहार प्रोजेक्ट में भी चयनित क्षेत्र में चौड़ी सड़कें, पानी, अंडरग्राउंड बिजली, ड्रेनेज सिस्टम, गॉर्डन, सब स्टेशन सहित अन्य वे सभी सुविधाएं रहेंगी, जो एक स्मार्ट शहर में रहती हैं। इसके अलावा क्षेत्र को हरा-भरा भी किया जाएगा। इसके लिए नवा रायपुर की तर्ज पर सड़क डिवाइवर में पौधे, आकर्षक चौक आदि संबंधित कार्य भी किए जाएंगे। प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि नया विहार एक अहम प्रोजेक्ट है। इस प्रोजेक्ट को सफलता मिली, तो प्रदेश में इस तरह के कई प्रोजेक्ट लाए जाएंगे। इन प्रोजेक्ट से ग्रामीण क्षेत्र भी शहर की तरह विकसित होंगे, जिससे उन्हें भी वह सारी सुविधाएं मिलेंगी, जो शहर में रहने वाले लोगों को मिलती हैं।

ग्रामीणों के लिए फायदेमंद प्रोजेक्ट

नया विहार प्रोजेक्ट ग्रामीणों के लिए फायदेमंद है। कमल विहार की तुलना में यह प्रोजेक्ट कहीं ज्यादा बेहतर साबित होगा। इससे प्रभावित लोगों को 42 प्रतिशत विकसित प्लाट भी मिलेगा।

- संदीप बांगड़े, एडिशनल डायरेक्टर, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग\

रनवे लबालब, दिल्ली-बिलासपुर फ्लाइट रायपुर एयरपोर्ट पर लैंड

रायपुर। शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात हुई भारी बारिश की वजह से बिलासपुर विमानतल के रनवे में पानी भरने से दिल्ली से आने वाली फ्लाइट की लैंडिंग नहीं हो पाई और उसे रायपुर डायवर्ट कर दिया गया। दोपहर 12 बजे फ्लाइट यात्रियों को यहां छोड़कर वापस रवाना हो गई और यात्रियों को बिलासपुर तक अपने खर्च पर जाना पड़ा। जानकारी के अनुसार अलायंस एयर की फ्लाइट सुबह दिल्ली से रवाना होकर व्हाया जबलपुर होते हुए 11.10 बजे बिलासपुर आती है। बताया जाता है कि पिछली रात हुई बारिश की वजह से बिलासपुर के रनवे पर पानी भर गया था, जिसकी वजह फ्लाइट को वहां उतरने की अनुमति नहीं दी गई। पायलट एयरक्रॉफ्ट लेकर रायपुर पहुंचा और उसमें सवार 40 से ज्यादा यात्रियों को छोड़कर वापस रवाना हो गया।

कार्ययोजना बनाकर चला रहे अभियान 4106 ग्राम पंचायत हो चुकी टीबी मुक्त

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

टीबी मुक्त भारत के तहत चलाए जा रहे अभियान के तहत राज्य की 4106 ग्राम पंचायतें अब तक टीबी मुक्त हो चुकी हैं। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग व्यापक कार्ययोजना बनाकर काम कर रहा है। पिछले दिनों निक्षय निरामय योजना के तहत 100 दिन के अभियान में 36 लाख लोगों की स्क्रीनिंग की गई।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश में 7 दिसंबर 2024 को निक्षय-निरामय छत्तीसगढ़ का 100 दिवसीय अभियान शुरू किया गया था। अभियान का उद्देश्य टीबी के विरुद्ध जमीनी स्तर पर निर्णायक लड़ाई छेड़ना था। इसके तहत सभी जिलों में घर-घर जाकर उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें सूचीबद्ध करते हुए आधुनिक तकनीकों के माध्यम से जांच कराई गई। इसमें 36 लाख से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग की गई, 4.5 लाख से अधिक एक्स-रे जांच की गई और 1.5 लाख से अधिक व्यक्तियों की जांच अत्याधुनिक 'नॉट मशीन' से की गई। यह व्यापक परीक्षण प्रक्रिया टीबी की शीघ्र पहचान और त्वरित उपचार के लिए अत्यंत प्रभावी सिद्ध हुई। योजना के तहत अब तक 15 हजार से अधिक नए निक्षय मित्रों ने पंजीकरण कर 34 हजार से अधिक टीबी मरीजों को पोषण सहायता प्रदान की है।

भाजपा के सभी जिलों की कार्यकारिणी अगले माह तक होगी पूरी

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

प्रदेश के भाजपा संगठन में अब जाकर करीब पांच माह बाद जिलों की कार्यकारिणी आकार लेने लगी है। सबसे पहले मनेंद्रगढ़-चिरमिरी की जिला कार्यकारिणी का ऐलान किया गया है। इसके बाद गौरेला पेंड्रा मरवाही की कार्यकारिणी की घोषणा की गई। आने वाले समय में प्रदेश के अन्य जिलों की कार्यकारिणी का भी एक के बाद एक ऐलान होगा। रायपुर जिले की कार्यकारिणी का ऐलान जहां अगले माह होगा, वहीं प्रदेश के सभी जिलों की कार्यकारिणी हर हाल में अगले माह पूरी हो जाएगी। इसके बाद ही प्रदेश की कार्यकारिणी तय होगी। वैसे भी प्रदेश की कार्यकारिणी से पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा, इसके बाद प्रदेश की कार्यकारिणी बनेगी। इसके लिए अभी लंबा इंतजार करना होगा। प्रदेश कार्यकारिणी का ऐलान अगस्त के अंत में या फिर सितंबर में ही हो सकेगा। भाजपा के प्रदेश संगठन के चुनाव पूरे हो चुके हैं। सितंबर में पहले सदस्यता अभियान चलाया गया इसके बाद बूथ, मंडल, जिलों के चुनाव के बाद 17 जनवरी को भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव हुआ। इसमें एक बार फिर से किरण देव को प्रदेश की कमान सौंपी गई। किरण देव को विधानसभा चुनाव के बाद 2019 में तब अध्यक्ष बनाया गया था, जब विधानसभा का चुनाव जीतने के बाद प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव को डिप्टी सीएम बना दिया गया था। ऐसे में किरण देव का कार्यकाल करीब सवा साल का ही रहा।

मोतियाबिंद अंधत्व मुक्त के सर्टिफिकेट के लिए इंतजार में 11 जिले

केंद्र सरकार को भेजा जा चुका प्रस्ताव, तीन माह में 27 हजार से ज्यादा सर्जरी

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने के बाद जिले को मोतियाबिंद बैकलॉग फ्री होने के दावे के साथ केंद्र सरकार को भेजे गए प्रस्ताव पर सर्टिफिकेट प्राप्त करने राज्य के 11 जिले लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं। रायपुर समेत कई जिलों को इसका दावा किए सालभर से ज्यादा का वक्त बीत चुका है। इधर मोतियाबिंद अंधत्व मुक्त अभियान के तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष में 27 हजार से ज्यादा सर्जरी की जा चुकी है।

केंद्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ मोतियाबिंद के मरीजों के ऑपरेशन के लिए चलाए जाने वाले अभियान को अपनाया गया था। इस दौरान यह तय हुआ था जो जिला मोतियाबिंद की सर्जरी में अपने निर्धारित लक्ष्य को पूरा करता है, उसे बैकलॉग फ्री होने का प्रमाणपत्र दिया जाएगा। इसके लिए जिले द्वारा किए गए दावे की राज्य स्तर पर जांच और ओके रिपोर्ट होने पर प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजने का सिस्टम बनाया गया था। इसके तहत कबीरधाम, रायपुर, धमतरी, बलौदाबाजार, बालोद, दुर्ग, राजनांदगांव, खैरागढ़, रायगढ़, कोरबा एवं बस्तर को दृष्टिहीनता मुक्त घोषित किए जाने के लिए दावा भारत सरकार को प्रेषित किया गया था। काफी समय बीतने के बाद भी योजना के तहत प्रमाणपत्र जारी नहीं किया गया गया। राज्य शासन द्वारा इसके लिए अब पुनः प्रयास किया जा रहा है। राज्य में अप्रैल 2024 से मार्च 2025 तक 1 लाख 45 हजार 580 तथा अप्रैल 2025 से जून 2025 तक 27,245 मोतियाबिंद ऑपरेशन सफलतापूर्वक पूरा किया गया है। इसके तहत 25 जिला अस्पताल एवं 10 चिकित्सा महाविद्यालयों सहित कुल 43 स्वास्थ्य संस्थानों में नियमित रूप से नेत्र ऑपरेशन किए जा रहे हैं।

अब तक 350 नेत्रदान

नेत्रदान को लेकर विभागीय स्तर पर जनजागरुकता अभियान भी चलाया जा रहा है। इसके तहत अप्रैल 2024 से मार्च 2025 तक 263 और अप्रैल 2025 से जून 2025 तक 88 नेत्रदान पूरा किया गया। इस अलावा आंखों से जुड़ी बीमारियों के इलाज के लिए पिछले और वर्तमान वित्तीय वर्ष में एक लाख से ज्यादा लोगों का इलाज किया जा चुका है।

विक्रम सिंहदेव बने कैट के प्रदेश चेयरमैन

रायपुर। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीसी भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री और सांसद प्रवीण खंडेलवाल की अनुशंसा पर राजधानी के कैट के प्रदेश कार्यालय में पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें सर्वसम्मति से विक्रम सिंहदेव को कैट छत्तीगसढ़ चैप्टर का प्रदेश चेयरमैन नियुक्त किया गया है। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी ने बताया कि श्री सिंह इससे पूर्व कैट के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रहे हैं। यही नहीं, लंबे समय से वे व्यापारी हितों को प्रमुखता से उठाते रहे हैं। उनकी इस नियुक्ति पर अमर पारवानी, मगेलाल मालू, जितेन्द्र दोषी, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, सुरिंदर सिंह, अजय अग्रवाल सहित पूरी कैट टीम ने बधाई दी है।

कबाड़ियों के हौसले इतने बुलंद कि रातों रात कट गई एंबुलेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में अवैध रूप से कबाड़ का व्यवसाय करने वालों के हौसले अब इस कदर बुलंद हो गए हैं कि वे शासकीय सम्पति को भी रातों रात टुकड़ों में काटकर बेच दे रहे हैं। इस बात का खुलासा पुलिस की कार्रवाई से हुआ है। पुलिस ने एंबुलेंस चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी एंबुलेंस चालक है और उसने ही मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर से एंबुलेंस की चोरी कर उसे कबाड़ी को बेच दिया था। इससे भी बड़ी बात यह है कि आरोपी ने इसके पहले दो महतारी एक्सप्रेस की चोरी कर उसे भी कबाड़ी को बेच दिया और किसी को इसकी भनक तक नहीं लग पाई। अब पुलिस कबाड़ी आरोपी की तलाश में जुट गई है।

बता दें कि राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल के नकिपुरिया वार्ड के समीप एंबुलेंस क्रमांक सीजी 02 6563 को खड़ी किया गया था। एम्बुलेंस का स्टेयरिंग जाम होने के कारण चालक भुनेश्वर कुमार ने वाहन को परिसर के पार्किंग में खड़ा किया था। इस दौरान 17 जुलाई को पता चला कि परिसर से एंबुलेंस गायब है। ऐसे में काफी खोजबीन के बाद कंपनी के संजीवनी 108 एम्बुलेस के जिला प्रबंधक संदीप कुमार यादव ने 22

जुलाई को मामले की शिकायत मणिपुर पुलिस से की थी। एंबुलेंस चोरी होने की खबर को हरिभूमि ने प्रकाशित किया जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज किया था। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद संदेह के आधार पर इब्राहिम अंसारी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। मोमिनपुरा हरसागर तालाब निवासी 32 वर्षीय इब्राहीम अंसारी आ. इस्माइल अंसारी संविदा कर्मचारी के रूप में कार्यरत है और उसने ही एंबुलेंस की चोरी की।

घर पर गिरी पड़ोसी की जर्जर दीवार मलबे में दबकर मासूम की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बलरामपुर जिले में बारिश का कहर जारी है। एक तरफ जहां बारिश के कारण नदी नाले उफान पर आ गए है तो वहीं दूसरी ओर भारी बारिश के कारण मकान की दीवार गिरने से एक एक ही परिवार के पांच लोग दब गए। इस घटना में एक मासूम बच्ची की मौत हो गई जबकि अन्य गंभीर रूप से घायल है। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आनन फानन में रेस्क्यू कर घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बताया जा रहा है कि रामानुजगंज के वार्ड क्रमांक 13 निवासी 40 वर्षीय प्रमोद रवि पत्नी 34 वर्षीया सुनीता देवी, 10 वर्षीया बच्ची राधा, 9 वर्षीया काजल और 8 वर्षीय खुशबु के साथ रहते है। शुक्रवार की रात पूरा परिवार खाना खाने के बाद सो गया था। इस दौरान मूसलाधार बारिश के बीच भोर के 5

बजे अचानक ही प्रमोद रवि के घर में बगल में स्थित एक जर्जर दीवार धराशायी हो गई। दीवार सीधे प्रमोद रवि के घर की दीवार पर गिरी जिससे प्रमोद रवि के घर की दीवार भी धराशायी हुई। दीवार के साथ प्रमोद के घर का एक बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त होकर मलबे में तब्दील हो गया और घर में सो रहे दम्पति व तीनों बच्चे समेत 5 लोग मिट्टी के मलबे में दब गए। अल सुबह इस घटना के बाद क्षेत्र में कोहराम मच गया। स्थानीय लोगों के साथ ही पुलिस की टीम ने रेस्क्यू अभियान चलाकर दबे हुए सदस्यों को बाहर निकाला लेकिन इस घटना में 8 वर्षीया मासूम बच्ची खुशबु रवि की मौत हो गई थी।

प्रथम पृष्ठ का शेष

आफत की बारिश...

नहीं हुई है। इसके अलावा मौसम विभाग द्वारा प्रदेश के पचास शहरों में लगाए गए स्टेशनों में सीमांत से भारी बारिश दर्ज की गई है। 00 **संभावना अभी भी बनी हुई**-मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक छत्तीसगढ़ और उससे लगे झारखंड के ऊपर स्थित अवदाब के लगातार पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए कमजोर होकर पूर्वी मध्यप्रदेश की ओर जाने की संभावना है। मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर अनूपगढ़, चूरू, ग्वालियर, रीवा, अवदाब के केंद्र, पुरुलिया, कोंटाई और उसके बाद दक्षिण पूर्व की ओर पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। रविवार को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम, एक दो स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है।

शिवनाथ उफान पर...

करना पड़ रहा है। प्रशासन ने नदी के आसपास के गांवों में फिर से एलर्ट किया है कि वे सतर्क रहें और गांव यदि पानी घुसे तो वे सुरक्षित स्थलों का शरण लें। राजनांदगांव जिले के जलाशयों का पानी शिवनाथ नदी दुर्ग में छोड़ा जा रहा है। मोंगरा जलाशय, सूखानाला और घुमरिया बैराज शिवनाथ नदी दुर्ग में 32000 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। जिसकी वजह से शिवनाथ नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है।

नदी पर सुरक्षा...

कर्मी यहां पर लोगों को रोकने के लिए तैनात किया गया है लेकिन जैसे ही शाम होती है उनकी ड्यूटी समाप्त हो जाती है। शाम के बाद पूरी रात यहां पर कोई नहीं रहता। ऐसी स्थिति में अनहोनी का अंदेशा बना रहता है।

लगातार बारिश से...

गई है। दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र में बरंगा नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण क्षेत्र के दो दर्जन गांवों का जिला एवं ब्लॉक मुख्यालय से संपर्क कट गया है वहीं ग्राम रसौकी, बैजनपाट, लूल्ह, मुण्डा, तेलाईपाट, जुड़वनिया बाढ़ से घिर गए हैं तथा इन गांवों में जाना-आना मुश्किल हो गया है। नदी-नालों में बाढ़ आने के कारण संभाग के विभिन्न क्षेत्रों में मार्ग अवरुद्ध होने के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

विधायक पुत्र की...

से जुड़ा है, जो ढाई वर्ष पूर्व धार्मिक संप्रदायिक तनाव के चलते हुआ था। विधानसभा में गृहमंत्री विजय शर्मा ने सीबीआई जांच की अनुशंसा की थी, जिसे केंद्र सरकार ने मंजूरी दी थी।

भाजपा ने थमाया...

है। उनके नेताओं के लगातार बयान आ रहे हैं।

कौशल विकास प्रमाण...

नहीं दी जा रही है। यह तथ्य सीएजी की रिपोर्ट से सामने आया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ कौशल विकास प्राधिकरण के अभिलेखों की जांच के दौरान ये पाया गया है। यह बात प्राधिकरण के प्रमाण पत्रों की मान्यता को लेकर कही गई है, लेकिन दूसरी ओर हालत ये है कि सरकार से कौशल विकास की ट्रेनिंग लेने वाले युवा, बेरोजगारों को अब नौकरी के लिए केवल निजी क्षेत्र का सहारा है।

आजीविका का उद्देश्य...

और आजीविका प्राप्त करने का उद्देश्य पूरी तरह से प्राप्त नहीं किया जा सका।

मान्यता का प्रस्ताव...

भी लंबित है। इस मामले को लेकर राज्य सरकार ने सीएजी को अक्टूबर 2023 में जवाब दिया था कि प्राधिकरण द्वारा जारी कौशल विकास प्रमाणपत्र को शासकीय और निजी क्षेत्रों में कुशल श्रमिक के रूप में नियुक्ति के लिए वरीयता या प्राथमिकता देने के संबंध में प्रस्ताव विचाराधीन है।

एमबीबीएस-बीडीएस...

बाद वर्ष 2025-26 में चिकित्सा एवं दंत चिकित्सा महाविद्यालियों में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। राज्य में इस बार रावतपुरा मेडिकल कालेज में जीरो ईयर घोषित किया गया है जिससे कुल 150 सीटें कम हो गई है। 10 शासकीय और 4 निजी मेडिकल कालेज में कुल 1980 सीटें है जिसमें से राज्य और प्रबंधन कोटे की 1733 सीटों पर प्रवेश की प्रक्रिया राज्य चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा पूरी की जाएगी।

बलरामपुर के छह...

थी कि सामरी पाठ क्षेत्र के लोगों के घरों में वर्षों पुराने भरमार बंदूक मौजूद है। ऐसे में आईजी दीपक झा के निर्देश पर एसपी वैभव बैंकर रमनलाल ने विशेष अभियान चलाकर हथियार बरामद करने के निर्देश दिए थे। एसपी के निर्देश पर थाना प्रभारी सामरी पाठ विजय प्रताप सिंह 22 जुलाई से स्वयं क्षेत्र के पुन्दाग कैंप में पहुंचकर जानकारी एकत्रित की जा रही थी। जांच के दौरान जब पुलिस टीम ने ग्रामीणों से पूछताछ की तो क्षेत्र के चुनचुना, पीपरढाबा, चरहू, भीतर चरहू, खास चुनचुना एवं ग्राम पुन्दाग के भूताही, कोटवारी पारा, खास पुन्दाग के ग्रामीणों के पास भारी देशी भरमार होने की पुष्टि हुई थी। **झारखंड से हो रही सप्लाई**-इतनी बड़ी संख्या में भरमार बरामद होने के बाद सबसे बड़ा सवाल यही है कि इन ग्रामीणों के पास ये हथियार आए कहां से। पूरे गांव में लोगों के घर घर में हथियार मौजूद है जो काफी खतरनाक है। ज्यादातर ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने इसका उपयोग शिकार व जंगली जानवरों से रक्षा के लिए किया है लेकिन हथियार रखना अवैध है। बताया जा रहा है कि ये हथियार ग्रामीणों को झारखण्ड के किसी व्यक्ति द्वारा सप्लाई किया जा रहा है। झारखण्ड का तस्कर अवैध रूप से ग्रामीणों के लिए हथियार की तस्करी कर रहा है। **37 ग्रामीणों को किया गया गिरफ्तार**-पुलिस ने भरमार हथियार रखने के मामले में कुल 37 लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने मामले में ग्राम चुनचुना से जिब्राईल अंसारी आ. काशीम अंसारी 45 वर्ष, सद्दाम अंसारी आ.काशीम अंसारी 35 वर्ष, इसराफिल अंसारी आ. कासीम अंसारी 36 वर्ष, गणेश नगेसिया आ. बंधन नगेसिया 52 वर्ष, शेरू नगेसिया आ. गणेश नगेसिया 35 वर्ष, सुमित नगेसिया आ.सुरजदेव नगेसिया 39, कमलेश नगेसिया पिआ.कृष्णा नगेसिया 28 वर्ष, जोखन नगेसिया आ.रंमकू नगेसिया 55 वर्ष, मंगरू नगेसिया आ. बेचू नगेसिया 40 वर्ष, अमजद अंसारी अ. ईमामुदीन अंसारी उम्र 45 वर्ष, गुलाम सादिक उर्फ जोगन अंसारी आ. आसिम अंसारी 28 वर्ष, इसराईल अंसारी आ. काशीम अंसारी उम्र 38 वर्ष, मिश्रा नगेसिया आ.शंभू नगेसिया 30 वर्ष, शनिचरा नगेसिया आ. रतू नगेसिया 40 वर्ष, ग्राम भीतर चरह से पूरन नगेसिया आ. रामपिलुत नगेसिया 38 वर्ष, मुखलाल कोरवा आ. चेरंगो कोरवा 30 वर्ष, ग्राम चरह से मुस्लिम अंसारी आ. रहमान अंसारी उम्र, नेजामुद्दीन अंसारी आ. अमीर मिया 63 वर्ष, सईब अंसारी आ. अमीर अंसारी 44 वर्ष अंसारी, कमील अंसारी आ. रहमान अंसारी 35 वर्ष, असीद अंसारी आ.नसीरुद्दीन 32 वर्ष, सहादत अंसारी आ. कुरबान अंसारी 32 वर्ष, तबारक अंसारी आ. स्व. इमाम अली 60 वर्ष, भोला कोरवा आ. स्व. अधनू कोरवा 45 वर्ष, पीपरढाबा से विनोद नगेसिया आ. स्व. मंगरू नगेसिया 35 वर्ष, राजेन्द्र नगेसिया आ. गोमा नगेसिया 35 वर्ष, शत्रु नगेसिया आ. स्व. रामनाथ नगेसिया 31 वर्ष, भूताही, निवासी करीवा कोरवा आ. नटई कोरवा 45 वर्ष, बीरू कोखा आ. स्व. हालखोरी कोरवा 44 वर्ष, टीमन कोरवा आ. स्व. ठेंगवा कोरवा 50 वर्ष, लोकवा कोरवा आ. स्व. सावना कोरवा 45 वर्ष, प्रदीप कोरवा आ. स्व. रामदेव कोरवा 35 वर्ष, शंभू कोरवा आ. स्व. दसाई कोरवा 60 वर्ष, उदयशंकर आ. धनसू कोरवा, 50 वर्ष, सीमन कोरवा आ। ठेंगवा कोरवा 46 वर्ष, ग्राम पून्दाग निवासी दिनेश कोरवा आ. गोगमा कोरवा 30 वर्ष व गणेश सिंह आ. चंद्रिका सिंह को गिरफ्तार किया है। **जारी है सर्च अभियान**-हमने ग्रामीणों से एक साथ कुल 37 भरमार बंदूक बरामद किए है। ग्रामीणों द्वारा हथियार का उपयोग अपने खेतों की सुरक्षा और जंगली जानवरों के शिकार के लिए किया जाता था। कुछ ग्रामीणों के पास ये पुस्तैनी हथियार थे जबकि कुछ ने झारखंड से खरीदा था। ग्रामीणों ने अपनी स्वेच्छा से हथियार हमारे सुपुर्द किया है लेकिन अवैध हथियार होने के कारण सभी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। अभी हमारी टीम पुन्दाग कैंप में ही मौजूद है और सर्चिंग का कार्य लगातार जारी है।

- वैभव बैंकर रमनलाल, एसपी बलरामपुर

चलाया गया विशेष...

प्रधान आरक्षक निर्मल एक्का, थाना सामरीपाठ से सउनि सहदेव राम भगत, प्रधान आरक्षक कलेश पैकरा, जयदीप सिंह, कैंप पुन्दाग से प्रधान आरक्षक अमर लकड़ा की टीम ने गांव में सर्च अभियान चलाया। अभियान के दौरान टीम ने गांव में कुल 37 भरमार हथियारों को बरामद किया है। इनमें से कुछ भरमार बंदूक को ग्रामीणों ने अपने खेत में छिपाया था तो किसी ने अपने घर में। ग्रामीणों ने खेत व फसल की सुरक्षा के नाम पर हथियार रखने की बात स्वीकार की है। वहीं ग्रामीणों द्वारा इसका उपयोग शिकार के लिए भी किया जाता था।

मुठभेड़ में 4...

बारिश में भी नक्सलियों के गढ़ में पहुंच रही फोर्स- मिली जानकारी के मुताबिक नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में जवानों को नियत स्थल पर रवाना किया गया। जहां दोनों ओर से हुई फायरिंग में 4 नक्सलियों के शव मिले है। यह संख्या बढ़ भी सकती है। मानसून में भी बारिश के बीच जवान नक्सलियों के खिलाफ जारी अभियान में मुस्तैदी के साथ लड़ाई जारी रखे हुए है। मिशन मार्च 2026 को पूरा करने के लिए मानसून में भी पुलिस और फोर्स अपना अभियान जारी रखेगी, यह बात पिछले दिनों आईजी सुंदरराज पी ने कही थी। **बारिश में नदी, नालों में बाढ़ और सांप बिच्छु से बचने करते है विश्राम**-बारिश का सीजन बस्तर के बीहड़ो में विश्राम का समय होता है। नक्सली इस समय अपने रशद और हथियार को सुरक्षित ठिकानों में रखकर बारिश के बाद आगे की रणनीति पर काम करते है। ऐसे समय में नदी, नालों में उफान और बाढ़ की स्थिति रहती है। वहीं जंगलों में सांप, बिच्छु और विषैले जंतुओं से खतरा भी रहता है। पुलिस भी बारिश में अपने मुहिम को रोककर थाना और पोस्ट में रहती है। ऐसे में मुखबिर से सूचना मिलने पर फोर्स नक्सलियों के प्रभाव क्षेत्र में पहुंचकर उनपर हमले कर नुकसान पहुंचा रही है। यह सफलता मिशन मार्च 26 के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

चैतन्य से मिले...

का धमकाने का और भयभीत करने का काम कर रही है। कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट राजधानी पहुंचते ही कांग्रेस के दिग्गज नेताओं के साथ सेंट्रल जेल में बंद पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य और पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत साथ थे। पायलट ने संवाददाताओं को बताया कि चैतन्य ने मजबूती से लड़ाई लड़ने की बात कही है। उन्होंने कहा, मैं स्पष्ट करना चाहता हूं जो कार्यवाही कांग्रेस के नेताओं, पूर्व मुख्यमंत्री के परिवार के खिलाफ की गई है यह साबित करता है कि केंद्र की सरकार, एजेंसीयों का उपयोग अपने विरोधियों को दबाने के लिए कर रही है। हम सबको पूरा भरोसा न्यायपालिका के ऊपर है। उन्होंने कहा, उनकी पार्टी ऐसे कदमों से नहीं डरेगी और इनके खिलाफ लड़ेगी। **न्यायिक प्रक्रिया में सहयोग करेंगे भूपेश बघेल**-सचिन पायलट ने कहा, हमें न्यायपालिका और न्यायालय पर पूरा भरोसा है। सच्चाई सामने आएगी। भूपेश बघेल ने भी कहा है कि वे न्यायिक प्रक्रिया में पूरा सहयोग करेंगे।

स्वास्थ्य विभाग के...

आया है कि उक्त व्यवसायी ने स्वास्थ्य विभाग में विगत 4–5 वर्षों में लगभग 48 करोड़ रुपए की आपूर्ति की, जबकि वास्तविक खरीदी केवल 10 करोड़ रुपये की थी। प्रारंभिक जांच में यह भी स्पष्ट हुआ है कि व्यवसायी ने खरीदी मूल्य से 4–5 गुना अधिक दरों पर सामग्री की आपूर्ति कर 400 से 500 प्रतिशत तक लाभ कमाया। इस लाभ को छुपाने और जीएसटी देनदारी से बचने के लिए व्यवसायी ने अपने परिवारजनों के नाम पर तीन अन्य फर्में- राहुल इंटरप्राइजेज, नारायणी हेल्थकेयर, और पी.आर. इंटरप्राइजेस बनाई तथा आपस में ही खरीदी बिक्री दिखाकर करीब 1 करोड़ रुपए की जीएसटी चोरी की। इस मामले में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के स्पष्ट निर्देशों के अनुरूप वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी द्वारा अधिकारियों को सरकारी आपूर्ति पर विशेष नजर रखने और किसी भी प्रकार की अनियमितता को तुरंत पकड़ने के लिए निर्देशित किया गया था। इसी के तहत राज्य जीएसटी विभाग की टीम ने यह प्रभावी कार्रवाई की है।

साय बोले- भ्रष्टाचार...

और ठेकेदारों को चेतावनी दी है कि यदि कोई भी व्यक्ति या संस्था सरकारी व्यवस्था का दुरुपयोग करके अनुचित लाभ अर्जित करने का प्रयास करता है, तो उसके विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह कार्रवाई राज्य शासन की ईमानदार, पारदर्शी और जनहितकारी प्रशासनिक दृष्टिकोण का उदाहरण है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार भ्रष्टाचार के विरुद्ध पूरी प्रतिबद्धता और सख्ती के साथ कार्य कर रही है।

रुद्र ब्रिगेड : अब...

सामना कर रही है, बल्कि दुश्मनों की रणनीति के खिलाफ खुद को मजबूती से तैयार करने में लग गई है। सूत्रों के हवाले से बताया कि दो पैदल सेना ब्रिगेड को पहले ही रुद्र ब्रिगेड में बदल दिया गया है। इसी तरह, सीमा पर दुश्मन के छक्के छुड़ाने के लिए एक और घातक विशेष बल इकाइयां, 'भैरव' लाइट कमांडो बटालियन की स्थापना की गई है। जनरल द्विवेदी ने कहा कि भैरव लाइट कमांडो यूनिट से हमारी ताकत कई गुना बढ़ जाएगी। उन्होंने कहा कि अब हर पैदल सेना बटालियन में ड्रोन प्लाटून शामिल हैं, जबकि तोपखाने ने दिव्यास्त्र और लोइटर म्यूनिशन बैटरियों के माध्यम से अपनी मारक क्षमता कई गुना बढ़ा दी है।सेना की वायु रक्षा को स्वदेशी मिसाइल प्रणालियों से लैस किया जा रहा है।

पंजीयन क्रमांक 79, दिनांक 09.10.1956 दूरभाष: (07763) 299061, 299062

अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम

केन्द्र : जशपुर नगर 496331, जिला जशपुर (छत्तीसगढ़)
ईमेल: kalyanashram1952@gmail.com

अध्यक्ष: सत्येन्द्र सिंह महामंत्री: योगेश श्रीधर बापट कोषाध्यक्ष: महेश कुमार मोदी संगठन मंत्री: अतुल रामचन्द्र जोग

संदर्भ क्र. 57/116/अनुदान/2025-26 दिनांक 24/07/25

-: विज्ञापन सूचना :-

अनुदान प्राप्त अशासकीय संस्था अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम, जशपुर द्वारा संचालित कल्याण आश्रम धर्मार्थ चिकित्सालय, जशपुर, जिला जशपुर (छ.ग.) के अन्तर्गत डॉक्टर्स एवं मेकिल स्टॉफ के 45 रिक्त संविदा पदों पर भर्ती हेतु योग्यताधारी इच्छुक अभ्यर्थियों से दिनांक 26.08.2025 को शाम 05:00 बजे तक स्थान-कार्यालय कल्याण आश्रम धर्मार्थ चिकित्सालय जशपुर, जिला-जशपुर (छ.ग.) पिन कोड-496331 में पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किया जाता है। विज्ञापन संबंधी विस्तृत जानकारी, नियम एवं शर्तें तथा आवेदन प्रारूप हेतु अभ्यर्थी जिले के वेबसाईट www.jashpur.nic.in का अवलोकन कर सकते हैं। (कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

व्यवस्थापक, अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम, जिला-जशपुर (छ.ग.)

Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल 24 घंटे आपात चिकित्सा
उपलब्ध सुविधाएं: • जनरल मेडिसीन • छाती रोग • हृदय रोग • सांस एवं फेफड़ा रोग • दंत रोग • डायबिटीज • त्वचा रोग • प्रसूति एवं स्त्री रोग • बच्चों के रोग • जोड़ एवं हड्डी रोग • आंख, कान, गला रोग • जनरल सर्जरी • ऑन्कोलॉजी विभाग • यूरोलॉजी • फिजियोथेरेपी • सोनोग्राफी • डिजिटल एक्स-रे • सीटी स्कैन • क्रिटिकल केयर यूनिट • आईसीयू • ट्रॉमा केयर
अवंति विहार चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) 8962566221, 07714916125, 7223065604

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं। अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नाक,कान, गला विभाग • (Hearing Aids) सुनाई मशीन • सिर, मुख एवं गले का कैन्सर • ऑपरेशन द्वारा ईलाज • नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँचएलर्जी • Dental & Consmetic Treatments
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर 0771-4050006, 81031 28515

HMS साईटिका तेल
शिव सायटिका
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
HMS देखकर खरीदें

असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
94060-21769

हरिभूमि Classified

epaper- www.haribhoomi.com
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100, 9754263022

आवश्यकता है

आवश्यकता है- Philips, Ahuja ऑथोराइज्ड टीवी, डीजे शोरूम में युवक एवं स्टोर मैनेजर की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन 8000 से 10000 सम्पर्क करें- कपूर चन्द & सन्स सदर बाजार करोना चौक बिलासपुर (38316)

